* ओड़िशा संस्करण

22 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 302

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड में सड़क पर उतरे समर्थक, रांची में आगजनी





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 86,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड के लिए नुकसानदेह है नेताओं का पाला बदलना

## ■ चंपाई सोरेन प्रकरण ने प्रदेश की सियासत के स्याह पहलू को रखा सामने

## ■ नेताओं की महत्वाकांक्षा ने बार-बार कठघरे में खड़ा किया है झारखंड को

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड में फिलहाल जो राजनीतिक ड्रामा चल रहा है, उसका अंत होता नहीं दिख रहा है। इस ड्रामे के केंद्र में दिलजले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हैं, जिन्होंने एक लेटर बम जारी कर हंगामा मचाया हुआ है। लेटर में उन्होंने यह बताने की कोशिश की है कि हेमंत सोरेन ने उनके साथ अन्याय किया है। कुछ फैसलों के कारण उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचायी गयी है और अब वह अलग राह पकड़ चुके हैं। लेकिन यह लेटर बम जारी करने से पहले चंपाई सोरेन शायद अपने मुख्यमंत्रित्व काल के वह क्षण भूल गये हैं, जब उन्होंने कुर्सी पर विराजमान होने के बाद हेमंत सोरेन और झामुमो के लिए कहे थे। वह बार-बार कहते थे कि हेमंत सोरेन के साथ अन्याय हुआ है। उन्हें षडयंत्र के तहत जेल में डाला गया है। बार-बार वह यही कहते थे कि यह चंपाई सोरेन की सरकार नहीं, बल्कि हेमंत सोरेन पार्ट टू सरकार है। वह हेमंत सोरेन की नीतियों को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उस समय चंपाई सोरेन सच्चाई ही बयां कर रहे थे। सच्चाई भी यही थी कि चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री भी तो हेमंत सोरेन ने ही बनाया था। उन्होंने अपना हिस्सा काट कर चंपाई सोरेन को दिया था। साफ था कि जब हेमंत जेल से बाहर आयेंगे, तो सीएम वही बनेंगे। उन्होंने अपने बगीचे की हिफाजत के लिए आपको रखा था, इस उम्मीद के साथ कि बगीचे में लगे फलों की सुरक्षा होगी। लेकिन आपने तो एक अलग ही राग अलापना शुरू कर दिया। खैर आपने यह भी साफ किया है कि आपको सत्ता का मोह नहीं था, एक-दो फैसलों के कारण आपके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। वैसे आत्मसम्मान की रक्षा के लिए किसी को समझौता नहीं करना चाहिए, यह सही बात है। ठीक है आपने एक लेटर बम डाल दिया। सब कुछ साफ कर दिया, और सारा ठीकरा हेमंत सोरेन के माथे फोड़ दिया। अब आपको निश्चित रूप से आत्ममंथन करना चाहिए कि मुख्यमंत्री बने रहने के दौरान आपने हेमंत सोरेन के बारे में जो बखान किया था, वह सही था या अब जो आप आरोप मंडल कर रहे हैं, वह सही है। लेटर में चंपाई सोरेन ने यह भी साफ कर दिया कि शिबू सोरेन और पार्टी को लेकर उनके मन में कोई रोष नहीं है, लेकिन पार्टी नेतृत्व को लेकर उनके मन में दुख है। दूसरी तरफ आप नया दल बनाने की बात भी कह रहे हैं। अब कह रहे हैं कि आदिवासी, मूलवासी और गरीब गुरबों को लेकर आप संघर्ष करेंगे। अच्छी बात है, लेकिन क्या आपने कभी इस पर विचार किया है कि ऐसा कहनेवाले आप अकेले नहीं हैं। हर वह व्यक्ति ऐसा कहता है, जब वह अपने दल को छोड़ कर अति महत्वाकांक्षा में दूसरी जगह जाता है। जिस प्रकार से चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने की चर्चाएं मीडिया में लगातार चल रही थीं और अजीब सा आभा मंडल तैयार किया जा रहा था, उसका अंततः क्या परिणाम निकला, यह शायद अब स्पष्ट हो चुका है। चंपाई सोरेन ने अब झामुमो से अलग रास्ता अख्तियार करने की घोषणा की है। इससे पहले शायद झारखंड के उस इतिहास को याद नहीं किया, जिसमें पाला बदलने वालों के लिए राजनीतिक वनवास के अलावा कोई दूसरी मंजिल नहीं है। एकाध अपवाद को छोड़ कर झारखंड की दो प्रमुख राजनीतिक ताकतों, झामुमो और भाजपा को छोड़नेवालों को जनता ने कभी स्वीकार नहीं किया है। सूरज मंडल से लेकर सीता सोरेन, हेमलाल मुर्मू से लेकर साइमन मरांडी, स्टीफन मरांडी से लेकर शैलेंद्र महतो, लोबिन हेंब्रम और गीता कोड़ा तक का हश्र झारखंड देख चुका है। उसमें से कइयों ने तो फिर उसी दल में जाकर ठौर खोजने की कोशिश की या फिर हाशिये पर चले गये। कुछ इसी तरह का हश्र भाजपा नेताओं का भी हुआ। एक समय था, जब एकीकृत बिहार के समय झारखंड में इंदर सिंह नामधारी, समरेश सिंह, दीनानाथ पांडेय और षाड़ंगी जी की तूती बोलती थी। उनकी एक आवाज पर हजारों लोग एकत्र हो जाया करते थे। एक समय ऐसा भी आया, जब वे नेता यह मान बैठे कि भाजपा उनकी बदौलत झारखंड में है। उन्होंने भाजपा को चुनौती दे दी। अलग-अलग कुनबे से जुड़ गये या शांत बैठ गये। हुआ क्या, चंद दिनों में ही वे झारखंड की राजनीति से छिटक गये। कुछ को तो फिर भाजपा की शरण में जाना पड़ा। झारखंड की सियासत में झामुमो और भाजपा ऐसी ताकत है, जिससे बाहर निकलनेवाला नेता किसी दूसरी पार्टी में फिट नहीं हो सकता है। हो सकता है, राजनीति में बह रही हवा के झोंके में वह चंद समय के लिए अपना अस्तित्व बचा ले, लेकिन अंततः उससे पछताना ही पड़ता है। बहुत उम्मीदें लेकर सुखदेव भगत भी भाजपा में आये थे। क्या हुआ, राजनीतिक हाशिये पर चले गये। उन्हें फिर तभी जमीन मिली, जब वह अपने पुराने आशियाने में लौटे। झारखंड में ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि पाला बदलने के इस खेल से किसी का भला नहीं होनेवाला है, न झारखंड का और न नेता का और न ही किसी दल विशेष का। चंपाई सोरेन प्रकरण की पृष्ठभूमि में झारखंड में पाला बदलनेवाले नेताओं की क्या है वर्तमान स्थिति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



झारखंड में विधानसभा चुनाव का रंग चढ़ने लगा है। इसका असर भी दिख रहा है। वैसे तो समय के साथ राजनीति की दशा और दिशा भी बदली है, लेकिन एक दौर था, जब किसी पार्टी या संगठन के प्रति वफादारी निभाते-निभाते नेता अपना पूरा जीवन खपा देते थे। पार्टी के प्रति उनका समर्पण उनकी पहचान बन जाया करती थी। मगर अब न वह सोच रही और ना ही राजनीति की परिभाषा। बदलते वक्त के साथ मानो इस पर भी तेजी से पेशेवर अंदाज हावी होने लगा है। जहां ज्यादा फायदा, वहां शिफ्टिंग। शायद यही वजह है कि चुनाव के वक्त राजनेताओं का पाला बदलना मौसम के जैसा हो गया है। इस बार भी यह खेल चल पड़ा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसकी शुरुआत की है। वह झामुमो के कद्दावर नेता माने जाते हैं, लेकिन अब वह अलग राह पर निकल पड़े हैं। वह बार-बार यह दोहरा रहे हैं कि या तो वह अपना नया दल बनायेंगे या फिर किसी साथी के साथ आगे बढ़ेंगे।

### झारखंड में पुराना है पाला बदलने का खेल

झारखंड के ढाई दशक के राजनीतिक इतिहास में पाला बदलने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। बगावत और अलग रास्ता अख्तियार करनेवाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, लेकिन इतिहास गवाह है कि ऐसे नेताओं को जनता ने कभी स्वीकार नहीं किया। झारखंड में राजनेताओं का दल बदल करना आम है। चुनाव के वक्त तो इनका उत्साह वैसा होता है, जैसे नये घर में कोई शिफ्ट करने के वक्त। इस दलबदल के खेल में हर राजनीतिक दल से ताल्लुकात रखने वाले राजनेता शामिल हैं। इन राजनीतिक दलों में क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े लोग भी शामिल हैं। लंबा राजनीतिक अनुभव रखने वाले कई ऐसे राजनेता हैं, जो एक के बाद एक कई दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशते रहे। नेताओं के पार्टी बदलने के पीछे कई वजहें हैं। पार्टी के अंदर आंतरिक राजनीति के साथ अपनी पहचान बनाने के लिए नेता दलबदल करते हैं, जिससे उन्हें लाभ का पद नये दल में किसी न किसी रूप में मिल जाता है। यह अलग बात है कि जनता उन्हें स्वीकार नहीं करती और अंततः उन्हें पछतावा ही होता है।

### चंपाई सोरेन प्रकरण ने दिया सवाल को जन्म

झारखंड की दो प्रमुख सियासी ताकतें, झामुमो और भाजपा के अलावा कांग्रेस में पाला बदलने का यह खेल चल तो रहा है, लेकिन इस समय यह सवाल 'कोल्हान टाइगर' के नाम से मशहूर झामुमो के कद्दावर नेता चंपाई सोरेन प्रकरण के कारण सामने आया है। झारखंड में क्षत्रीय दल के रूप में झामुमो सबसे ताकतवर पार्टी है। इस पार्टी के दबदबे से कोई भी अनजान नहीं है। इस पार्टी के कद्दावर नेता चंपाई सोरेन ने बगावत का रास्ता अपना कर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी के अंदर की खींचतान और अंतर्द्वंद्व की राजनीति को सार्वजनिक करने की कोशश की है। ऐसे में सवाल उठता है कि 50 साल पुरानी इस पार्टी में क्या पहली बार केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। क्या पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पार्टी का कोई बड़ा नेता अलग होने जा रहा है। इसका जवाब है नहीं।

### सफल नहीं हुए झामुमो से अलग होनेवाले

झामुमो से अलग होनेवाले नेताओं की फेहरिस्त काफी लंबी है। इनमें से तीन तो ऐसे हैं, जो अलग रास्ता अपनाने के बाद फिर घर में लौटे और झामुमो में उन्हें पुराना सम्मान मिला। इनमें प्रो स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी और हेमलाल मुर्मू शामिल हैं। इन तीनों ने अलग-अलग समय पर झामुमो को छोड़ा, लेकिन सियासी हाशिये पर पहुंचने के बाद फिर वापस आ गये। लेकिन कुछ नेता ऐसा नहीं कर सके और आज पूरी तरह राजनीतिक हाशिये पर हैं। इनमें पहला नाम कृष्णा मार्डी का है। 1981 में झामुमो से जुड़ कर वह सरायकेला से दो बार के विधायक और सिंहभूम से साल 1991 में सांसद भी बने। इन्होंने पार्टी से सीधी बगावत की और 1992 में झामुमो मार्डी गुट बनाया, लेकिन चार साल बाद ही 1996 में उन्होंने झामुमो में ही अपने गुट का विलय कर दिया। इसके बाद साल 2006 में वह भाजपा में शामिल हुए। दो साल बाद उसे छोड़ साल 2008 में आजसू में आये। फिर इसे छोड़ 2013 में कांग्रेस में शामिल हो गये। साल 2014 में कांग्रेस को भी इन्होंने बाय-बाय कर दिया। बीच में साल 2015 में झामुमो उलगुलान संगठन बनाया, लेकिन उसे भी ज्यादा लंबा नहीं चला सके। दूसरा नाम है सूरज मंडल का, जो कभी झामुमो में नंबर दो की हैसियत रखते थे। युवा कांग्रेस से राजनीति का सफर शुरू करने वाले सूरज मंडल झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का दाहिना हाथ कहे जाते थे। उस दौरान उन्होंने ऐसा आभा मंडल तैयार कर लिया कि शिबू सोरेन राजनीति के जिस शिखर पर विराजमान हैं, वह सूरज मंडल के कारण ही संभव हो पाया है। लोग उन्हें शिबू सोरेन की परछाईं भी कहते थे। सूरज मंडल को भी गुमान हो गया था कि अगर वे शिबू सोरेन को छोड़ देंगे, तो शिबू सोरेन जीरो हो जायेंगे। उन्होंने नीतियों का विरोध कर पार्टी छोड़ दी और अपनी अलग पार्टी झारखंड विकास दल बना ली, लेकिन उसके बाद क्या हुआ। आज कहां है वह पार्टी और कहां हैं सूरज मंडल, झारखंड यह अच्छी तरह परिचित है। फिलहाल वह भाजपा का दामन थाम राजनीति में अपने नाम को जीवित रखने की कोशिश कर रहे हैं। सूरज मंडल पहली बार झामुमो के टिकट पर साल 1991 में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गये थे। झारखंड अलग राज्य निर्माण के पूर्व झारखंड क्षेत्रीय परिषद की कमेटी में सूरज मंडल उपाध्यक्ष भी रहे। इसी तरह शैलेंद्र महतो, दुलाल भुइयां, हेमलाल मुर्मू, स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी और कुणाल षाड़ंगी ने भी झामुमो छोड़ी, लेकिन सफल नहीं हो सके। हाल का एक उदाहरण सीता सोरेन का भी है। इन्होंने सोरेन परिवार और झामुमो छोड़ते समय यह कहा कि वह झारखंड की राजनीति में नया अध्याय लिखने जा रही हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी।

### भाजपा छोड़नेवालों के साथ भी वही हुआ

ऐसा नहीं है कि केवल झामुमो छोड़नेवालों को ही सियासी वनवास मिला। भाजपा छोड़नेवाले भी जब सफल नहीं हुए, तो घर लौट आये। इनमें सबसे बड़ा नाम बाबूलाल मरांडी का है, जो 14 साल बाद 2019 में अपने घर लौट गये और आज प्रदेश अध्यक्ष ही नहीं, पार्टी का सबसे बड़ा आदिवासी चेहरा हैं। वैसे बाबूलाल मरांडी वह शख्स हैं, जिनकी मेहनत और संघर्ष पहचान है। भाजपा से अलग होकर भी उन्होंने राजनीतिक रूप से अपने को स्थापित किया। वह एक से ग्यारह तक पहुंच गये। उनकी इस सफलता के कारण उन्हें नेता तैयार करने का कारखाना कहा जाने लगा। अभी भाजपा में लगभग एक दर्जन विधायक ऐसे हैं, जो बाबूलाल की पाठशाला से ही निकल कर आये हैं। बाबूलाल अपवाद इसलिए रहे, क्योंकि उनके पैर कभी जमीन से अलग नहीं हुए। अंततः भाजपा को भी यह आभास हो गया कि बाबूलाल की जरूरत उसको है। सम्मान के साथ उन्हें दल में लाया गया और पार्टी की कमान उन्हें सौंपी गयी। उस पद पर बाबूलाल खरा उतर रहे हैं और अपनी अहमियत को उन्होंने स्थापित किया है। इसी तरह वर्तमान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी कभी बाबूलाल की पंक्ति में पीछे खड़े थे। बाद में उन्होंने भी घर वापसी कर ली और अपने को स्थापित किया।

झारखंड का सियासी इतिहास बताता है कि नेताओं ने अपनी महत्वाकांक्षा के कारण पार्टी बदली, लेकिन जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। जिन्हें यह बात जल्दी समझ आ गयी, उनकी राजनीतिक जमीन बची रह गयी, लेकिन जो लौट नहीं सके, वे खो गये। अब चंपाई सोरेन भी इसी राह पर आगे बढ़ गये हैं, तो उनका भविष्य क्या होगा, यह देखनेवाली बात होगी, लेकिन इतना तय है कि पाला बदलने के इस खेल से झारखंड का तो भला नहीं ही होगा।

# चतरा में सड़क निर्माण का ठेका बिहार के कांट्रैक्टर को

■ इडी कर चुकी है पूछताछ, वही अभियंता तय करता है काम

■ कल्याणी कंस्ट्रक्शन के पास मजबूत दस्तावेज भी नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री इरफान अंसारी के विभाग में जो कुछ हो रहा है, उस पर आप एकबारगी विश्वास नहीं कर सकते हैं। हर ठेका, पैरवी या पैसा पर तय हो रहा है। ठेकेदारों के दस्तावेज कोई मायने नहीं रखते। चतरा में कई अलग-अलग सड़क के निर्माण के लिए 12 करोड़ 36 लाख के पैकेज वाला टेंडर निकाला गया है। इसके लिए इश्तेहार भी जारी हुआ, लेकिन ठेका किसे मिलेगा, वह तय कर रहा है विभाग के कार्यपालक अभियंता राजकुमार टोप्पो। यह वही टोप्पो हैं, जिससे इडी कई बार पूछताछ कर चुकी है। इस विभाग में अभियंता प्रमुख जयप्रकाश सिंह हैं। वे आंख मूंद कर बैठे हुए हैं। हुआ क्या है इसे सिलसिलेवार ढंग से बताते हैं।



चतरा में सड़क निर्माण के लिए जो निविदा आमंत्रित की गयी उसमें पांच ठेकेदारों ने निविदा पत्र भरा। इसमें नंदकिशोर सिंह प्राइवेट लि को रिजेक्ट कर दिया गया। बाकी के चार जय मां वैष्णो कंस्ट्रक्शन प्रालि, जय मां अंबे प्रालि, एसके कंस्ट्रक्शन और कल्याणी कंस्ट्रक्शन बचे। ये चार क्वालीफाइ माने गये। क्वालीफाइ होने के बाद पांच से सात दिन की मोहलत इसलिए दी जाती है कि यदि उनके कागजात में कोई गड़बड़ी है तो लोग उस पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मंगलवार को कल्याणी कंस्ट्रक्शन को काम करने की स्वीकृति दे दी गयी। जबकि ठेकेदार उमेश कुमार सिंह ने कल्याणी कंस्ट्रक्शन के दस्तावेज पर सवाल खड़े किये थे।

कल्याणी कंस्ट्रक्शन के जीएसटी का दो पेपर जमा नहीं है। सिविल टर्न ओवर के दस्तावेज भी नहीं हैं। इस कंस्ट्रक्शन को बिहार में ढेर सारा ठेका मिला हुआ है। इसी को गलत दस्तावेज के आधार पर चतरा का पैकेज एलाट कर दिया गया है। मंत्री इरफान अंसारी से इस मामले की जांच की गुहार लगायी गयी है।

राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग मामला

# राजकुमार अग्रवाल को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

सीबीआइ कोर्ट में चल रही कार्यवाही को हाइकोर्ट ने किया निरस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2011 के राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग मामले में आरोपी सीता सोरेन के साथ सह आरोपी राजकुमार अग्रवाल को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने राजकुमार अग्रवाल के खिलाफ सीबीआइ कोर्ट में चल रहे ट्रायल को निरस्त कर दिया। राजकुमार अग्रवाल ने निचली अदालत में मामले से संबंधित चल रहे केस को चुनौती देते हुए कहा था कि आयकर विभाग ने उन्हें पैसा बरामद मामले में क्लीन चिट दे दी है, यह पैसा उनका नहीं है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 में राज्यसभा चुनाव 2011 के समय बरामद 2.15 करोड़ रुपये को उनका नहीं बताया था।




आरोप लगाया गया था कि जो पैसा पकड़ाया था, उससे सीता सोरेन को घूस दिये जाने की बात कही गयी थी। चूंकि आयकर विभाग ने वह पैसा उनका नहीं बताया है, इसलिए घूस देने की बात गलत है। इसलिए उनके खिलाफ सीबीआइ कोर्ट में क्रिमिनल केस नहीं चलना चाहिए। कोर्ट ने प्रार्थी की दलील सुनते हुए सीबीआइ कोर्ट में उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। बता दें कि राज्यसभा चुनाव 2011 के दिन आयकर विभाग ने नाकेबंदी में नामकुम में एक इनोवा गाड़ी से 2.15 करोड़ रुपया बरामद किया था। पूछताछ में पता चला कि यह पैसा राजकुमार अग्रवाल के जमाई ने एक जमीन की डील के लिए जमशेदपुर से भेजी है।

# रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को हाइकोर्ट से मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत अर्जी को स्वीकृत करते हुए उन्हें जमानत प्रदान की। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। दरअसल, चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे इडी ने इसीआइआर 5/ 2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ इडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। बता दें कि, इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़ंगाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड , मुहर एवं अन्य कागजात इडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल 2023 को इडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



# खबर इंपैक्ट: विधायक ने डीसी से की जांच की मांग

कार्तिक कुमार

**पाकुड़।** आजाद सिपाही के 20 अगस्त के अंक में प्रकाशित शीर्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहरबनी में घटिया सामग्री लगाने का ग्रामीणों का आरोप खबर को स्थानीय लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने गंभीरता से लिया है। विधायक श्री मरांडी ने डीएमएफटी से बनाये जा रहे हैं अतिरिक्त क्लास रूम में निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता को लेकर डीसी को पत्र लिख उच्च स्तरीय जांच कराने को कहा है। डीसी को लिखे पत्र में विधायक श्री मरांडी ने कहा है कि डीएमएफटी मद से भवन प्रमंडल विभाग द्वारा लिटीपारा और अमरापारा में सरकारी विद्यालयों में बनाये जा रहे अतिरिक्त क्लास रूम और बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य की जांच कराने की बात कही है। कहा है कि मुझे स्थानीय ग्रामीणों से शिकायत मिल रही है कि स्कूल में क्लासरूम और बाउंड्री निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है, संबंधित संवेदक द्वारा स्टीमेट को ताक पर रखकर क्लास रूम और बाउंड्री निर्माण कार्य जा रहा है जो बहुत ही गंभीर मामला है।



भारतीय हॉकी टीम का भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### राहुल-खड़गे दो दिन के दौरे पर श्रीनगर पहुंचे

श्रीनगर। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार से जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। दोनों बुधवार शाम श्रीनगर पहुंचे। पहले राहुल और खड़गे बुधवार से जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहनेवाले थे, लेकिन उनका दौरा टल गया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल और खड़गे आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक करने के लिए जम्मू और श्रीनगर में रहेंगे।`दोनों नेता चुनाव में गठबंधन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी से बात करेंगे।

## भारत बंद का देश में रहा मिला-जुला असर

# झारखंड में सड़क पर उतरे समर्थक, रांची में आगजनी

## बिहार में ट्रेनें रोकीं, पटना में लाठी चार्ज

- ओड़िशा, उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/पटना/रांची।** सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में कोटा लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को आहूत झारखंड में भारत बंद का असर देखा गया। रांची के शहरी क्षेत्र के साथ-साथ रिंग रोड के इलाके में बंद समर्थक सुबह नौ बजे से उतर गये। हरमू चौक में बंद समर्थकों ने टायर जला कर सड़क को जाम कर दिया। इसके अलावा डोरंडा, दलादली चौक और कटहल चौक के पास रास्ता बंद किया गया। सुबह के समय ज्यादातर दुकानदारों ने अपने संस्थान खुद बंद रखा। निजी स्कूलों ने पहले ही छुट्टी की घोषणा कर दी थी। सत्ताधारी पार्टियों के नेताओं ने बंद का समर्थन किया है। कांग्रेस, झामुमो और राजद ने बंद का साथ दिया। झारखंड के अन्य जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा आदि जिलों में बंद का असर मिला-जुला रहा।

बिहार के आरा में प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों पर नारेबाजी की, इससे गाड़ियों की आवाजाही रुक गयी। इसी तरह दरभंगा में भी ट्रेन रोकी गयीं। जहानाबाद, सहरसा और पूर्णिया में हाइवे जाम रहा। बिहार के गोपालगंज में बच्चों से भरी स्कूल बस जलाने की कोशिश की गयी। पटना के डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पहले वाटर केनन चलायी, फिर लाठीचार्ज किया। सभी बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, राजस्थान-पाकिस्तान बॉर्डर के जिले बाड़मेर में निकाली गयी रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जयपुर समेत 16 जिलों में स्कूल बंद रहे। अलवर में रोडवेज की बसें रोकीं। जोधपुर में प्रदर्शनकारियों ने हलवाई पर गर्म तेल फेंका। मध्यप्रदेश के उज्जैन में बाजार बंद कराने पर दुकानदारों की प्रदर्शनकारियों से झड़प हुई। उत्तरप्रदेश के जालौन में प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी भिड़ गये। आगरा में सड़क पर उतरे बसपा कार्यकर्ताओं ने जबरन दुकानें बंद करवायीं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के गेट पर बसपा का झंडा भी फहराया।



### आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बंद का जनजीवन पर असर

रांची (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में कोटा लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को दलित-आदिवासी और पिछड़ा वर्ग के संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया। नेशनल कंफेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गेनाइजेशन(एनएसीडीएओआर) ने इसे दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। देशव्यापी बंद का कई राजनीतिक दलों ने समर्थन किया था। देश भर से मिली सूचनाओं के अनुसार बंद के दौरान सामान्य जनजीवन बाधित हुआ। कई हिस्सों में बंद समर्थकों द्वारा आगजनी और सड़क जाम किये जाने की भी सूचना है, हालांकि इस दौरान जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## प्रधानमंत्री पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर

# द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती मिलेगी: मोदी

- यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी किया वक्तव्य


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने अपना वक्तव्य जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेरी पोलैंड यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब हम अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं। पोलैंड मध्य यूरोप में एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है। लोकतंत्र और बहुलतावाद के प्रति हमारी पारस्परिक प्रतिबद्धता हमारे संबंधों को और अधिक मजबूत बनाती है। मैं हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाने हेतु अपने मित्र प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिलने के लिए उत्सुक हूं। मैं पोलैंड में जीवंत भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करूंगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'पोलैंड से, मैं राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन का दौरा करूंगा। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा है। मैं द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और वर्तमान में जारी यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के बारे में दृष्टिकोण साझा करने के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पहले की बातचीत को आगे बढ़ाने के अवसर के प्रति उत्सुक हूं। एक मित्र और भागीदार के रूप में, हम इस क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र वापसी की आशा करते हैं। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक संपर्कों की स्वाभाविक निरंतरता के रूप में काम करेगी और आनेवाले वर्षों में मजबूत तथा अधिक जीवंत संबंधों की नींव रखने में मदद करेगी।



### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा 23 अगस्त से



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अगस्त को अमेरिका जायेंगे। वह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड आस्टिन के निमंत्रण पर 26 अगस्त तक वहां रहेंगे। इस दौरान वह अमेरिकी रक्षा सचिव के साथ बैठक करेंगे। इसमें रक्षा सहयोग की मजबूती को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा रक्षा मंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक जेक सुलविन से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी की पिछले दिनों न्यूयॉर्क यात्रा से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इससे अमेरिका-भारत संबंधों को नयी गति मिलेगी। साथ ही रक्षा क्षेत्र में कई सहयोगों में मजबूती आयेगी। इसके अलावा अमेरिका दौरे से दोनों देशों के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के व्यापक होने की उम्मीद है।

## मंईयां सम्मान योजना: पांच प्रमंडल में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय

# सीएम हेमंत आज पलामू प्रमंडल की महिलाओं को देंगे योजना का लाभ



- 23 अगस्त को उत्तरी छोटानागरपुर के हजारीबाग में होगा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पांच प्रमंडलों की पात्र महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ देंगे। इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत 22 अगस्त को पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर में और 23 अगस्त को उत्तरी छोटानागरपुर के हजारीबाग में महिलाओं को कार्यक्रम आयोजित कर मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके बाद 27 अगस्त को संताल परगना के दुमका, 28 को कोल्हान प्रमंडल के चाइबासा तथा 30 अगस्त को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची में महिलाओं को योजना का लाभ दिया जायेगा। मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य में हर पात्र महिला को साल में 12 हजार रुपये दिये जायेंगे। योजना के तहत 21 अगस्त को शाम तीन बजे तक 42 लाख 85 हजार से ज्यादा आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं।

# नया संगठन बनायेंगे: चंपाई सोरेन

- पूर्व मुख्यमंत्री ने सरायकेला में कार्यकर्ताओं के बीच अपनी भावना को व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन अपना संगठन खड़ा करने का मन बना चुके हैं। सरायकेला में अपने गांव और अपने चहेतों के बीच उन्होंने अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। बुधवार को अपने समर्थकों के बीच मौजूद चंपाई ने कहा कि आप सबों का साथ मुझे मिलेगा, इसका भरोसा हो गया है। हम आगे बढ़ेंगे। बरसों से जो लोग अपने हक, अधिकार के लिए अछूते हैं, उन्हें हक दिलायेंगे। आदर्श राज्य बनायेंगे। मुझे विश्वास हो गया है कि आपका साथ मिलने से ऐसा जरूर होगा। मौके पर समर्थकों, ग्रामीणों ने जोरदार आवाज में झारखंड टाइगर चंपाई सोरेन जिंदाबाद के नारे भी लगाये। मौके पर पत्रकारों के सवालों पर चंपाई ने कहा कि वह अब फिलहाल राजनीति से संन्यास नहीं लेनेवाले। वह अब संगठन बनायेंगे। इसमें अच्छे साथी भी मिलेंगे। उनके विचार, भावनाओं से जो साथ होंगे, उन्हें साथ लाया जायेगा। दिल्ली जाने और भाजपा नेताओं से भेंट के सवाल पर कहा कि वह अपने पोता से मिलने गये थे।



## कोलकाता रेप-मर्डर केस

### दो एसीपी समेत तीन पुलिस अफसर सस्पेंड

**कोलकाता/नयी दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को दो असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर समेत तीन अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। 15 अगस्त की देर रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हजारों की भीड़ ने तोड़फोड़ की थी। कार्रवाई उसी मामले में की गयी है।

## 'आजाद सिपाही' में पेड़ कटाई पर छपी खबर का असर

# स्थानीय लोगों ने नेशनल हाइवे किया जाम

- सीओ ने मिलने से किया इनकार लोगों ने जतायी नाराजगी

ओज कुमार जायसवाल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में आठ पेड़ की कटाई को लेकर स्थानीय लोग लामबंद हो गये हैं। इस संबंध में 'आजाद सिपाही' ने बुधवार के अंक में खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने दोपहर में नेशनल हाइवे को जाम कर दिया। लगभग साढ़े पांच घंटों तक लोगों ने सड़क जाम रखा। अखबार में छपी खबर के बाद स्थानीय लोग प्रखंड परिसर पहुंचे। जहां शिव मंदिर परिसर में लगे विशालकाय यूकोलिप्टस पेड़ के काटने और मंदिर की चारदीवारी को क्षतिग्रस्त देखा। हिंदू संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय लोग सिसई सीओ से बात करने उनके कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में सीओ नहीं थे। उनसे फोन पर संपर्क किया गया। सीओ द्वारा परिसर के आठ चिह्नित पेड़ों के काटने की अनुमति होने और मंदिर परिसर में लगे पेड़ की नीलामी नहीं होने की जानकारी दी। साथ ही लोगों से मुलाकात करने से इनकार कर दिया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ गयी।

हिंदू जागरण मंच के संजय वर्मा, उदय कुमार कुशवाहा, लक्ष्मी यादव, सुमित महली, सोमेश्वर उरांव, दीपक गुप्ता, तेज नारायण सिंह, संजय महतो, चरवा उरांव, छोटेलाल ताम्रकार, सुखलाल राय सहित सैकड़ों स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इस बीच पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव भी जाम स्थल पहुंचे। शाम करीब पांच बजे एसडीओ रवि जैन, एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो और बीडीओ रमेश कुमार यादव जामस्थल पहुंचे। लोगों ने मामले की जांच का ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की और ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों द्वारा आश्वासन के बाद जाम हटा।





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# भारत बंद झारखंड में सफल रहा: इंडी गठबंधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आये फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद का झारखंड में भी असर दिखा। इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने सड़क पर उतरकर समर्थन दिया। झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीआइ, आप सहित सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। इसके बाद बंद को लेकर सीपीआइ के प्रदेश कार्यालय में इंडिया गठबंधन की ओर से एक प्रेस वार्ता हुई। झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि झारखंड में बंद शांतिपूर्वक और ऐतिहासिक रहा। हम एसटी-एससी और ओबीसी समाज के साथ कंधे से कंधे मिलाकर इस बंद में भाग लिये। सीपीआइ के अजय सिंह ने कहा कि न्यायपालिका कानून नहीं बनाती है। संविधान और संसद के द्वारा बनाये गये कानून का पालन और सुरक्षा करती है। आप नेता संतोष रजक ने कहा कि आरक्षण आर्थिक रूप से नहीं दिया गया है, बल्कि यह सामाजिक जातीय आधार पर दिया गया है। उसका पालन होना चाहिए। राजद के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा कि भारत बंद में राजद के तमाम कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लिये हैं। कांग्रेस के नेता उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संविधान के तहत एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण होना चाहिए।

# भारत बंद को मिला जनता का समर्थन : सामाजिक संगठन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत बंद पर अनु जाति समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कु रजक, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, अनुसूचित जाति महासभा के अध्यक्ष आरपी रंजन, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, आदिवासी मूलवासी छात्र संघ के अध्यक्ष संजय महली, बहुजन चिंतक द्वारिका दास ने भारत बंद को सफल बताया। कहा कि यह ऐतिहासिक बंद है। सुबह 8 बजे से ही झारखंड की राजधानी सहित सभी जिलों में हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतर गये थे। उन्होंने कहा कि देश के एससी/एसटी /ओबीसी ने सुप्रीम कोर्ट के उप वर्गीकरण व क्रिमीलेयर के आदेश के विरूद्ध देश के आवाम में आक्रोश है। भारत बंद के समर्थन में सड़क पर उतरने के लिए अभार प्रकट किया। साथ ही लोगों ने सभी दुकानदारों, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, झारखंड बस यूनियन, टेंपो यूनियन सहित अपने-अपने प्रतिष्ठान और वाहन स्वतः बंद करने को लेकर आभार प्रकट। वहीं एससी/एसटी ओबीसी के संगठनों ने राज्यपाल झारखंड के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट और कानून मंत्री अनु जाति/जनजाति आयोग भारत को ज्ञापन सौंपा।

## झारखंड बंद सफल रहा : विजय शंकर नायक

झारखंड बंद सौ प्रतिशत सफल रहा। उक्त बातें आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहीं। कहा कि इस बंद को सफल करने के लिए सुबह नौ बजे से ही मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़क पर निकले और रांची शहर को बंद कराया और पुराना हाइकोर्ट डोरंडा में सड़क जाम किया।

## भारत बंद के समर्थन में लोकहित अधिकार पार्टी सड़क पर उतरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निर्देशानुसार एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद के समर्थन में लोकहित अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व रांची जिला में प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, अजय गौतम एवं मुकुल नायक ने किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से देवपुजन ठाकुर, मो. जुल्फान अंसारी, प्रवीण कुमार महतो, अनिल मुंडा, संजय लोहरा, मो. अजीजुल अंसारी, सहदेव मुंडा शामिल रहे।

# राज्यपाल को निमंत्रण पत्र सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर मंदिर के प्रथम सेवक सह प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव (1857) ठाकुर, सुधांशु नाथ शाहदेव और अमरदीप कौशल ने राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड के अमर शहीदों के समस्या और मांग पत्र दिया। उन्हें अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के ऐतिहासिक ठाकुर निवास जगन्नाथपुर बड़कागढ़ में आने का निमंत्रण दिया।

भारत बंद को लेकर अमर बाउरी का बयान, कहा-

# झारखंड का बंद सरकार की तरफ से प्रायोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत बंद को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को लेकर एक फैसला लिया है। एसटी एससी आरक्षण में क्रिमीलेयर का कॉन्सेप्ट कोर्ट ने बताया था। जिसमें राज्य सरकारों को यह अधिकार दिया था कि इस विचार से राज्य सरकार अपने निर्णय ले सकती है। इसी बीच में केंद्र सरकार ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि आरक्षण में क्रिमी लेयर का विचार संविधान के अंदर नहीं है। बाबा साहेब के विचारों में भी आरक्षण में क्रिमीलेयर का कोई विचार नहीं है। इसलिए भारत सरकार इस मामले में स्पष्टता के साथ उस ऑब्जर्वेशन के खिलाफ है। भारत के अंदर किसी भी तरह का एसटी एससी के आरक्षण में छेड़छाड़ जब तक मोदी हैं तब तक नहीं करने देंगे। ऐसा मोदी ने स्पष्ट कर दिया। इसके बाद भी भ्रम पैदा करने के लिए सरकार के समर्थन से तोड़ फोड़ करायी जा रही है। लाठीचार्ज करवा रहे हैं। यहां का बंद पूरी तरह से सरकार द्वारा प्रायोजित है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीसीएल और इडीसीआइएल इंडिया लिमिटेड के बीच हुआ समझौता




रांची (आजाद सिपाही)। रांची प्रोजेक्ट डिजिटल विद्या अंतर्गत झारखंड के 8 जिलों (रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, लातेहार, चतरा, गिरिडीह और पाकुड़) के 193 सरकारी स्कूलों में 1 स्मार्ट क्लास और 1 आइसीटी लैब के अधिष्ठापन के लिए कोल इंडिया की अनुषंगी-सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं इडीसीआइएल इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। कंपनी की सीएसआर निधि द्वारा 26.13 करोड़ रुपये की लागत से इनके अधिष्ठापन के अतिरिक्त स्थानीय पाठ्यक्रम आधारित डिजिटल सामग्री, शिक्षक प्रशिक्षण और 3 वर्षों तक उपकरणों का रखरखाव शामिल है। यह पहल कोयला मंत्रालय के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य कोयला खनन वाले जिलों के सरकारी स्कूलों को डिजिटल शिक्षा से युक्त कर ग्रामीण छात्रों तक आधुनिक शिक्षण पद्धति उपलब्ध कराना है।

### रांची विवि ने एग्जाम लेने का नोटिफिकेशन जारी किया



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड छात्र मोर्चा की मांग एवं छात्रहित में आंदोलन के परिणाम स्वरूप रांची विश्वविद्यालय ने जेनरिक पेपर का एग्जाम लेने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। लगभग 2000 छात्र ऐसे थे जो जेनेरिक पेपर 2 में अनुत्तीर्ण थे। मामले की गंभीरता को समझते हुए जेसीएम ने इस मुद्दे को लेकर विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी और सचिव असद फेराज के नेतृत्व में चरणबद्ध आंदोलन किया था। अंततः इस पर कल विश्वविद्यालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया। आगे अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि छात्र मोर्चा का प्रयास है कि सभी छात्रों को काउंसलिंग कराकर अच्छे से एग्जाम देने की अपील करेगा। सचिव असद फेराज ने कहा कि विश्वविद्यालय की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि इन छात्रों को स्पेशल केस के जैसा ट्रीट करते हुए इनका समुचित समाधान करें। मोर्चा के संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, अतिर्कुर रहमान, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, संयुक्त सचिव कासिफ रजा, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, सचिव अल्ताफ राजा आदि ने विश्वविद्यालय का आभार जताया और इस मामले की समुचित हल होने जेनेरिक के छात्रों का साथ देने की बात कही।

# 24 और 25 अगस्त को मोरहाबादी में भव्य तरीके से आयोजित होगा श्री कृष्ण जन्मोत्सव

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में होंगे शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के द्वारा बुधवार को ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होनेवाले बाल गोपाल, बाल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भजन संध्या एवं बहुप्रतीक्षित दही हांडी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर स्थानीय मोरहाबादी स्थित सुविधा बैंक्वेट हाल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि पिछले 08 वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम के भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया गया है। 24 अगस्त दिन शनिवार को बाल गोपाल, बाल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा 25 अगस्त को भजन संध्या श्री कृष्ण के जीवन आधारित नृत्य मंचन एवं पुरुष और महिला गोविंदा के दल के लिए दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस वर्ष भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा पुरस्कार वितरण करेंगे।

समिति के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत पहले दिन स्थानीय गीतांजलि बैंक्वेट हॉल मोरहाबादी में बाल गोपाल तथा बाल राधा (फैंसी-ड्रेस) प्रतियोगिता छह महीने से बारह वर्ष तक के बच्चों के लिए दो ग्रुप में आयोजन होगा। जिसके लिए दिन में 3 बजे से स्थल पर पहुंच कर पंजीयन करवाना होगा होगा। पहला ग्रुप छह महीने से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए होगा तथा दूसरा ग्रुप 6 वर्ष से 12 वर्ष तक के प्रतिभागियों के लिए होगा।

उन्होंने कहा कि 25 अगस्त को दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष के ऊपर उम्र सीमा के लोगों के लिए होगा। पुरुष वर्ग के लिए हांडी की ऊंचाई 20 फीट एवं महिला वर्ग के लिए 17 फीट रखी जायेगी। पुरुष गोविंदा टीम के विजेता को एक लाख एक हजार हजार की नकद राशि, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 41 हजार रुपये की नगद राशि तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये की नगद राशि एवं ट्रॉफी दी जायेगी।

महिला प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 55 हजार की नगद राशि द्वितीय पुरस्कार के रूप में 31 हजार नगद एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की नगद राशि तथा ट्रॉफी दी जायेगी। 25 अगस्त को झारखंड एवं बाहर के कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण भजन संध्या का कार्यक्रम साथ साथ चलता रहेगा।

श्री रंजन ने कहा कि निर्णायक मंडली का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। प्रत्येक टीम को 5 मिनट का समय दिया जायेगा। इस अवसर पर पूरे मोरहाबादी मैदान में आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी। इस वर्ष दही हांडी प्रतियोगिता में इंट्री शुल्क 3100/- रुपये रखा गया है। प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त 2024 है।

प्रेस वार्ता में मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, विनोद गोप, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, मनोज गुप्ता, संजय सोनी, राजेश गुप्ता, राहुल, गौतम सिंह, रोहित सिंह, तरुण मल्लिक आदि उपस्थित थे।

# भाजयुमो रांची महानगर ने निकाला मशाल जुलूस




**राज्य सरकार द्वारा शोषित पीड़ित झारखंडी युवाओं के साथ है : भाजयुमो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 5 लाख सरकारी नौकरी और बेरोजगारी भत्ता के नाम पर सिर्फ झारखंडी युवाओं को ठगा है। राज्य में सिर्फ लूट, अपराध, हत्या, बलात्कार की घटनाओं में कीर्तिमान स्थापित किया है। पूरे राज्य में सिर्फ भ्रस्टाचार, गुंडागर्दी और अराजकता ने पैर पसार लिया है। इसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में राज्य की निकम्मी भ्रस्ट सरकार के खिलाफ जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक सैंकड़ों की संख्या में मार्च कर मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची विधायक सीपी सिंह, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ,कांके विधायक समरी लाल विनय जायसवाल, सीमा शर्मा, रमेश सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, सत्यनारायण सिंह, संदीप वर्मा, संजीव विजयवर्गीय, मुनचुन राय, उमेश साहू, विनय सिंह, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, रंजीत नाथ सहदेव, कुंदन कुमार, सचिन साहू, रौनाक राजपूत, हर्ष सिंह, सूरजभान सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# झारखंड मेडिकल स्टेट रैंक में गोल के 6 छात्र टॉप 10 में

**गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने कहा कि अगर हौसले बुलंद हों तो विपरीत परिस्थिति में भी बड़ी जीत हासिल कर टॉपर और रैंकर बना जा सकता है**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड (जेसीइसीइबी) द्वारा झारखंड मेडिकल की मेधा सूची जारी की गयी। गोल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोर्ड द्वारा जारी किये गये इस लिस्ट के टॉप टेन में 6 सीट अपने नाम कर लिया है।

गोल संस्थान के केशव सौरव समदर्शी रैंक 1 (जेनरल), गौरव कुमार रैंक 2 (जेनरल), इडब्लूएस रैंक 1, सुभम कुमार रैंक 3 (जेनरल), बीसी 1 रैंक 1, निखिल कुमार गुप्ता रैंक 4 (जेनरल), बीसी 1 रैंक 2, हेमा मेहता रैंक 6 (जेनरल), बीसी 2 रैंक 1, सौरव कुमार रैंक 8 (जेनरल), बीसी 2 रैंक 2 हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया।

गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने कहा कि गोल के छात्रों ने टॉप टेन में स्थान सुनिश्चित कर यह सिद्ध कर दिया है कि अगर हौसले बुलंद हो तो विपरीत परिस्थिति में भी बड़ी जीत हासिल कर टॉपर और रैंकर बना जा सकता है।

गोल संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि इस वर्ष गोल के छात्र पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किये हैं। श्री सिंह ने कहा कि हमारी टीम लागातार छात्रों को काउंसिलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, दिशानिर्देश और टेक्नीकल सपोर्ट प्रदान कर रहा है।

गोल इंस्टीट्यूट के अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान में नये सत्र के लिए टारगेट, फाउंडेशन, एचिवर कोर्स एवं टेस्ट सिरीज में नामांकन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी मेडीकल और इंजिनियरिंग की तैयारी के लिए गोल इंस्टीट्यूट के ऑफिस में जाकर या संस्थान के वेबसाइट से जानकारी लेकर नामांकन करा सकते हैं।

# ट्राइडेंट ग्रुप के तक्षशिला प्रोग्राम ने 2000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विश्वस्तरीय सदन ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने प्रमुख रिक्रूटमेंट और ट्रेनिंग प्रोग्राम 'तक्षशिला' के लांच की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य रोजगार और कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 2000 प्रविष्टि स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षित और नियुक्त करना है।

तक्षशिला प्रोग्राम विभिन्न पृष्ठभूमि जैसे आईटीआई, डिप्लोमा और 10 प्लस2 से आने वाले युवाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। शिक्षा की बाधाओं को दूर कर तक्षशिला युवाओं को सीखने, विकसित होने और कमाई के अवसर प्रदान करता है, तथा उनके सतत सुधार और व्यक्तिगत विकास को सुनिश्चित करता है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें 12 लाख सालाना का शुरूआती वेतन मिलता है- इस तरह बुनियादी पढ़ाई करके आने वाले छात्रों को भी आजीविका के अवसर मिलते हैं। यह कॉर्पोरेट भारत में अपनी तरह की अनूठी पहल है।

प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए श्री राजिंदर गुप्ता, एमेरिटस चेयरमैन, ट्राइडेंट ग्रुप ने कहा, आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है, क्योंकि हम अपने प्रमुख प्रोग्राम तक्षशिला के लांच के साथ विकास और सशक्तीकरण का नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। यह प्रोग्राम खासतौर पर सामाजिक विकास, आर्थिक उत्थान, विविधता, समावेशन और राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें महिलाओं (50 फीसदी आरक्षित सीटें), ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से वंचित परिवारों, रक्षा कर्मियों और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

'तक्षशिला असीमित अवसरों' के दृष्टिकोण के साथ हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म देता है और उनकी तरक्की में सच्चे साथी की भूमिका निभाता है। यह ऐसा वातावरण उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जहां हर किसी को सीखने और एक साथ मिलकर विकसित होने का मौका मिले। तक्षशिला 2024 का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

उन्होनें कहा कि अपनी शुरूआत से ही तक्षशिला पहल सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले 20,000 से अधिक युवाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान कर चुकी है। प्रतिभागियों को संरचित क्लासरूम प्रशिक्षण, व्यवहारिक अनुभव, मार्गदर्शन पाने, निरंतर कौशल हासिल करने का मौका मिलता है। इस तरह ये प्रोग्राम सुनिश्चित करता है कि वे अपने करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार रहें। इनमें से बहुत से एल्युमनाई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली लीडर्स, उद्यमी, सिविल सर्वेंट्स, शिक्षाविद और कारोबार पेशेवरों के रूप में उभरे हैं। तक्षशिला 2024 के भर्ती अभियान के तहत व्यापक डिजिटल मीडिया अभियान, कैम्पस एंगेजमेंट और ग्रामीण आउटरीच प्रोग्रामों के माध्यम से 50,000 से अधिक उम्मीदवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.6 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |



# पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा कि पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला है।

उन्होंने कहा कि पीजीटी रिजल्ट प्रकाशन में कई गड़बड़ियां सामने आ चुकी हैं। बाबूलाल मरांडी ने इसकी सीबीआइ जांच कराने की बात कही है। बता दें कि जेएसएससी



ने अपनी वेबसाइट पर 19 जून को पीजीटी का स्कोर कार्ड अपलोड किया था, लेकिन अपलोड किये गये स्कोर कार्ड में 100 अंक के पेपर में 252 अंक दिये गये थे।

उसके बाद हजारों छात्र सरकार से सीबीआइ जांच करने की की मांग करने लगे। इसके बावजूद सरकार ने नियुक्ति पत्र बांट दिया।

इसी को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं के साथ है और उनके साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पीजीटी नियुक्ति प्रकरण में सीट बेचनेवालों को वह कड़ी सजा दिलायेंगे।

# चंपाई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त

## एक सुरक्षाकर्मी की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के एस्कॉर्ट वाहन देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गयी है। इस घटना में पांच सुरक्षाकर्मी घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एस्कॉर्ट वाहन रात करीब 2 बजे चंपाई सोरेन को उनके गांव छोड़ कर लौट रहा था। उसी दौरान यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में मृत चालक का नाम विनय बानसिंह है।



उसकी उम्र 45 वर्ष है। वह पश्चिमी सिंहभूम जिला के खूंटपानी प्रखंड के भोया गांव का रहनेवाला था।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
Ref.:- 1418 Date: 21.08.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. is conducting its AGM on 4th September 2024. JSCB invites RFQs from interested parties/ bidders for selection of following independent service providers for Jharkhand State Cooperative Bank Limited:-
1. Catering Services 2. Bags 3. Flex printing
Last date for submission of bids: 23.08.2024 till 11:00 AM.
For eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 23/SRF/2024-25
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "सीआरपी इन बायो फोर्टिफिकेशन इन सेलेक्टेड क्रॉप्स फॉर न्यूट्रिशनल सिकयोरिटि" (ईएपी-197) परियोजना के लिए एक (01) सिनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 11.09.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।
Walk-in-Interview will be held on 11.09.2024 for selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF) under the scheme "CRP in Bio fortification in selected crops for nutritional security" (EAP-197) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- https://icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेशक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# अमर बाउरी ने पीजीटी में अभ्यर्थी को 100 में मिले 252 नंबर की सीबीआइ जांच की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पीजीटी-2023 (झारखंड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक) के रिजल्ट में गडबड़ी की शिकायत सामने आयी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर जारी अंक पत्र से इसकी पुष्टि भी हो रही। 100 अंकों के पेपर में कैंडिडेट को 252 नंबर दे दिये गये हैं। 78 प्रश्नों के सही उत्तर देनेवाले को 156 की जगह 88.23 अंक दिये गये हैं। इसे लेकर बवाल शुरू है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पूरे मामले की सीबीआइ जांच की मांग की है।

बाउरी ने बुधवार को सोशल मीडिया (फेसबुक) पर कहा है कि हेमंत सरकार ने राज्य के



युवाओं का भविष्य बेच दिया है। 100 अंकों के पेपर में अभ्यर्थी को 252 अंक दे दिये गये हैं। वहीं, 78 प्रश्नों के सही उत्तर देनेवाले अभ्यर्थी को 156 की जगह 88.23 अंक दिये गये हैं। पीजीटी में हुई भीषण गड़बड़ियों का मामला पहले दिन से लगातार भाजपा उठा रही है। अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट साफ दर्शाती है कि किस प्रकार राज्य के युवाओं के साथ खेल हुआ है। यही नहीं, नियुक्ति प्रक्रिया में कई अनियमितताएं हैं। इस मामले की सीबीआइ जांच आवश्यक है।

अमर बाउरी ने कहा है कि झारखंड सरकार राज्य के युवाओं के भविष्य को बेचने का पाप ना करे। अविलंब मामले में सीबीआइ जांच की अनुशंसा करे। साथ ही उन्होंने कहा है कि सरकार और परिस्थितियां बदलेंगी, जिन्होंने भी नियुक्ति घोटाले में सहभागिता सुनिश्चित की है, उनकी जिम्मेदारी तय की जायेगी। भाजपा आयेगी, न्याय दिलायेगी।

# चंपाई सोरेन की पार्टी में पूरे कुनबे के साथ शामिल होंगे मुस्तफा अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजद झारखंड प्रदेश के पूर्व में बड़े पदों पर रह चुके सह समाज सेवी अंजुमन इस्लामिया ग्रामीण रांची झारखंड के सदर मुस्तफा अंसारी ने अपने सभी साथियों के साथ विचार विमर्श कर और टाना भगतों के एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी की सहमति मिलने के बाद यह निर्णय लिया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की नयी पार्टी में अपने सारे साथियों एवं उनके द्वारा संचालित संस्था के साथ उनके दल में शामिल हो जायेंगे और यह भी बताया कि अब तक अपेक्षित रहे बड़ी संख्या में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ने




वाले आंदोलनकारी आदिवासी टाना भगत भी उनके साथ दल में शामिल हो जायेंगे। इसका कारण है कि कभी भी किसी राजनीतिक दल ने झारखंड स्थानीय वासियों को तरजीह नहीं दी है लेकिन चंपाई सोरेन एक बेदाग साफ छवि के नेता रहे हैं और इसी से वह प्रभावित भी हैं। वह जल्द अपनी सारी बातों को अवगत कराने के लिए चंपाई सोरेन से औपचारिक मुलाकात करेंगे।

## 29 अगस्त को झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** 29 अगस्त 2024 को झारखंड कैबिनेट की बैठक होनी है। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की तरफ से सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक गुरुवार 29 अगस्त को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। पिछली बार कैबिनेट की बैठक 7 अगस्त को आहूत की गई थी। जिसमें 37 प्रस्तवों पर मुहर लगी थी।

## राशिफल

ज्योतिर्विद शैलेंद्र | 9905199063

**मेष** आप स्वयं तथा आपके परिजन भी परेशान हो सकते हैं। कोई नजदीकी मित्र भी आपके द्वार पर सहायता मांगने आ सकता है।

**वृष** अपने संकट को टालने के लिए जरूरी कदम उठा लें तो बेहतर होगा। इस मामले में अधिक सोच-विचार करना ठीक नहीं।

**मिथुन** किसी जरूरी कार्यक्रम या किसी विचार गोष्ठी में जाने का मौका मिल सकता है आपका व्यक्तिगत जीवन असमंजस और परेशानियों में घिरा हुआ हो सकता है।

**कर्क** आर्थिक तंगी के दौर में आपको ऐसे काम हाथ में नहीं लेना चाहिए, मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यदि आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है तो बेहतर है कि घर पर आराम करें।

**सिंह** सैर-सपाटे के लिए भी आपके मित्र या प्रेमीजन आपको प्रेरित कर सकते हैं। किसी लम्बी दूरी की यात्रा आपके लिए सुखद और मनोरंजक सिद्ध हो सकती है।

**कन्या** किसी भूले-भटके मित्र या शुभचिंतक से मिलने की योजना बन रही है किसी सामान या जरूरी वस्तु की खरीद-फरोख्त करने पर भी आपको छोटा-मोटा लाभ होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अपने प्रियजन या फिर छोटे सदस्यों के मेल मुलाकात के लिए बहुत ही शुभ रहेगा खर्चा कुछ ज्यादा भी हो सकता है।

**वृश्चिक** आपके मित्र या शुभचिंतक भी कोई शिकायत लेकर आपके पास आ सकते हैं। आप अपने परिजनों और घर के सदस्यों से बहसबाजी या तर्क-वितर्क नहीं करें तो अच्छा रहेगा।

**धनु** अगर किसी प्रकार की बाधा या झंझट नहीं पैदा हुआ तो यह तय है कि सायंकाल तक आपको कुछ ऐसा श्रेय मिल सकता है जिसके लिए आप बहुत दिनों से प्रयासरत हैं।

**मकर** खरीद-फरोख्त या शॉपिंग पर जाने की सोच रहे हैं तो अभी रुक जाएं। हो सकता है कि अगले दो तीन दिनों में आपकी जेब पर ज्यादा बोझ नहीं पड़े ।

**कुंभ** कुछ धनलाभ होने का इंतजार है या फिर किसी फायदेमंद लेन-देन में आपकी भागीदारी है तो आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली सिद्ध होगा।

**मीन** आज सुबह से ही अनेक ऐसे प्रस्ताव आपको मिल सकते हैं, जो आपके करियर या लाभ मार्ग से जुड़े हुए हैं।

# थाना प्रभारियों का कार्यकाल दो साल से कम नहीं हो : योगेंद्र सिंह

**डीजीपी अनुराग गुप्ता को लिखा पत्र, गाइडलाइन जारी करने का अनुरोध**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में थाना प्रभारियों का कार्यकाल दो साल से कम नहीं हो। अमूमन ऐसा देखा जाता है कि एसपी स्तर के अधिकारी मनचाहे तरीके से थाना प्रभारियों का तबादला करते रहते है। इसपर रोक लगनी चाहिये। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बुधवार को इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि राज्य के जिलों में पदस्थापित एसपी को थाना प्रभारियों के पदस्थापन और स्थानांतरण के संबंध में निर्देश जारी किया जाये। उन्होंने लिखा है कि ऐसा देखा जा रहा है कि थाना प्रभारियों को बिना किसी कारण के



समय से पहले बदल दिया जाता है। थाना प्रभारी का कार्यकाल कम से कम दो वर्ष निर्धारित है। अगर थाना प्रभारी पर कोई आरोप है तो उसे बदलने के लिये डीआइजी से अनुमति लेनी होती है। ऐसा देखा जा रहा है कम समय में स्थानांतरण से थाना प्रभारियों के मन में निराशा की भावना व्याप्त है। इसका असर इनके कार्य क्षमता पर पड़ता है। उदहारण के तौर पर मंगलवार को रांची के छह थाना प्रभारियों का स्थानांतरण कर दिया गया। जबकि ये लोग चार से पांच महीने पहले ही थाना प्रभारी बने थे।

# टीपीसी कमांडर दिवाकर दस्ते के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, देसी कार्बाइन बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने टीपीसी कमांडर दिवाकर गंझू के दस्ते के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। इसे लेकर बुधवार को ग्रामीण एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि तीन टीपीसी उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें बड़कागांव निवासी प्रकाश गंझु, हजारीबाग निवासी राहुल लहरी और रांची निवासी मोनू कुमार बड़ाईक शामिल है।

गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देशी कार्बाइन मैगजीन सहित, 13 जिन्दा गोली, एक बाइक, जिओ कम्पनी का राउटर और चार मोबाइल फोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार उग्रवादियों पर दर्जनों मामले अलग-अलग थाने में दर्ज हैं।



### घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे

पुलिस को सूचना मिली थी कि मंगलवार की रात दामोदर नदी के किनारे बड़कागांव, केरेडारी और बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित ग्राम छापर में टीपीसी उग्रवादी जमा हुए हैं। जो लेवी वसूलने और किसी बड़ी घटना का अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर डीएसपी खलारी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो उग्रवादी भागने लगे। जिसमें पुलिस द्वारा घेराबंदी कर तीन उग्रवादियों पकड़ा गया। दो अन्य उग्रवादी अंधेरे का फायदा उठा भागने मे सफल रहे।

# हवलदार चौहान हेंब्रम का हत्यारा शाहिद गिरफ्तार

**एसआईटी ने दिल्ली से धर दबोचा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हवलदार चौहान हेंब्रम की हत्या कर फरार सजाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी को पुलिस ने धर दबोचा हैं। दिल्ली से बुधवार की सुबह शाहिद की गिरफ्तारी हुई हैं। हत्या कांड को अंजाम देने के बाद सजाफ्ता कैदी फरार हो गया था। जिसके बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने एसआईटी और टेक्निकल टीम गठित की थी। जिसके मदद से झारखंड पुलिस ने सजाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी को गिरफ्तार किया हैं। काफी मशक्कत करने के बाद शाहिद अंसारी पुलिस के हत्थे चढ़ा।

**क्या हैं पूरा मामला :** उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी शहिद अंसारी का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा था। इस दौरान शाहिद अंसारी ने



सोमवार (12 अगस्त 2024) को सुरक्षा में तैनात हवलदार चौहान हेंब्रम की लोहे के रॉड से मारकर हत्या कर दी। और वहां से फरार हो गया। जिसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुये हजारीबाग एसपी, एसडीओ, डीएसपी समेत आला पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान फरार कैदी को पकड़ने के लिए एसआईटी और फॉरेंसिक टीम गठित की गयी थी। साथ ही पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया था। जिसके बाद आज सजाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी को झारखंड एसआईटी टीम ने गिरफ्तार किया हैं।

# मेकॉन पब्लिक सेक्टर एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेकॉन को सर्वश्रेष्ठ मिनीरत्न केंद्रीय पीएसयू श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पब्लिक सेक्टर एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। भारत में इस्पात उद्योग के लिए इंजीनियरिंग कंसल्टेंट के रूप में वर्ष 1959 में स्थापित मेकॉन ने धातु, ऊर्जा और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे कई क्षेत्रों में संपूर्ण समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी संगठन के रूप में खुद को स्थापित किया है। मेकॉन के सेवा



पोर्टफोलियो में अवधारणा, इंजीनियरिंग, खरीद, परियोजना प्रबंधन, डायग्नोस्टिक अध्ययन, मूल्य वर्धित सेवाएं, इपीसी निष्पादन, ओ एंड एम सेवाएं शामिल हैं। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट, एक अग्रणी वैश्विक बी2बी एनालिटिक्स और बिजनेस इंटेलिजेंस समाधान प्रदाता ने 20 अगस्त को नयी दिल्ली में पीएसयू और सरकारी शिखर सम्मेलन के अपने 16वें संस्करण की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन में इंडिया@2047 विजनः पावर्ड बाई रिसर्जेंट पब्लिक सेक्टर विषय पर गहन चर्चा हुई। इस शिखर सम्मेलन में मेकॉन लिमिटेड की ओर से संजय कुमार वर्मा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मेकॉन ने पुरस्कार प्राप्त किया।

# जेपीएसएससी मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जल्द होगा जारी, तैयारी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) जल्द ही मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करेगा। रिजल्ट लगभग तैयार किया जा चुका है। मुख्य परीक्षा में 5600 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। बताते चलें कि पीटी की परीक्षा 17 मार्च को हुई थी। 22 अप्रैल को पीटी परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। 22




से 24 जून तक मुख्य परीक्षा ली गयी थी। यह परीक्षा 342 पदों के लिए ली गयी थी। मुख्य परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद सफल अभ्यर्थियों के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इसके बाद अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी किया जायेगा।

**रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की पहल के बाद**

# जमशेदपुर से लापता हुए विमान की खोज में जुटी भारतीय नौसेना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर, सोनारी से बीते मंगलवार को उड़ान भरने के बाद लापता हुए एयरक्राफ्ट की खोज में भारतीय नौसेना भी सहयोग करेगी। इस निमित सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को पत्र भेजकर नेवी के सहयोग का आग्रह किया था। जिला प्रशासन के आग्रह पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए, अधिकारियों को तुरंत मदद को कहा। इसके बाद नौसेना ने सक्रियता दिखायी है। बुधवार रात विशेष विमान से 15 लोगों की टीम, 4 हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ रांची पहुंची। रांची से फिर यह टीम चांडिल के लिए रवाना होगी। गुरुवार सुबह से नौसेना की पूरी टीम चांडिल डैम में उक्त एयरक्राफ्ट की खोज शुरू करेगी। बता दें कि टाटा सोनारी से उड़ान भरने के कुछ ही देर के बाद एक एयरक्राफ्ट लापता हो गया, जिसमें दो लोग सवार थे। स्थानीय स्तर पर काफी खोजबीन के बाद उसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि विमान चांडिल डैम में भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है।

# कांग्रेस आज इडी कार्यालय के समक्ष करेगी प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में अडानी महा घोटाला, देशव्यापी जाति जनगणना और भारत के संविधान अंतर्गत निहित आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय के प्रावधानों के वास्तविक सम्मान की आवश्यकता सहित कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अडानी महा घोटाला की जांच के लिए बार-बार एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का आह्वान किया है, जिसे पहली बार हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा उजागर किया गया था।

हाल के खुलासों ने वित्तीय बाजार नियामक सेबी के गंभीर समझौते को और उजागर कर दिया है, जिसके लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश कांग्रेस समितियां गुरुवार, 22 अगस्त को देश भर में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करेंगी। साथ ही केंद्र सरकार के जवाबदेही की मांग करेंगी। इसी सिलसिले में कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची के हिनू स्थिति प्रर्वतन निदेशालय के कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है।

**अभिनंदन समारोह आज**

झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गुरुवार को रांची पहुंचेंगे। इसके बाद इडी कार्यालय के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद दोनों नेता कर्पूरी ठाकुर चौक, भगवान बिरसा मुंडा चौक, नागेश्वर महतो चौक होते हुए वीर बुद्धु भगत, कार्तिक उरांव, हातमा में सिद्धु-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचेंगे।

# गांजा और अवैध शराब बरामदगी मामले में 10 साल की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गांजा और अवैध शराब बरामदगी मामले में आरोपी चान्हो थाना क्षेत्र निवासी दुखहरण साहू को एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने 10 साल की सजा सुनायी है। जबकि एक अन्य आरोपी सबीर अंसारी को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। कोर्ट ने दुखहरण साहू पर सजा के साथ-साथ दो लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 11 मार्च 2023 को चान्हो पुलिस ने छापेमारी कर दुखहरण साहू के पास से दो किलो गांजा के अलावा 14 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब भी बरामद की थी, जिसे लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# फिल्म उद्योग की असुरक्षित महिलाएं

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की स्थिति को जाहिर करने वाली जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट आखिर सार्वजनिक हो गयी। रिपोर्ट में कही गयी बातें हैरान तो करती ही हैं, इस रिपोर्ट को सामने लाने के लिए जिस तरह की मशक्कत करनी पड़ी, वह भी अपने आप में बहुत कुछ कहती है।

**पांच साल का इंतजार:** कमिटी का गठन 2017 में मलयालम फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री के अपहरण और यौन उत्पीड़न की घटना के बाद किया गया था। कमिटी ने 2019 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। सूचना के अधिकार (आरटीआइ) के तहत किये गये आवेदनों के जरिये पांच साल के लंबे और कठिन संघर्ष के बाद यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में लायी जा सकी।

**17 तरह के शोषण:** रिपोर्ट का कंटेंट देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि क्यों वहां की ताकतवर लॉबी इसे सार्वजनिक किये जाने के खिलाफ थी और क्यों उसने इसे लोगों की नजरों से छुपाये रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। रिपोर्ट में कम से कम 17 तरह के शोषण गिनाये गये हैं, जिनसे केरल फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही महिलाओं को गुजरना पड़ता है। इनमें महिला शौचालय और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाओं की कमी और पारिश्रमिक में भेदभाव से लेकर काम के बदले में सेक्स की डिमांड तक तमाम तरह के शोषण शामिल हैं।

**जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के खिलाफ 17 प्रकार के शोषण का उल्लेख है। रिपोर्ट को सार्वजनिक करने में पांच साल लगे। इस रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न रोकने वाले कानूनों की सीमाओं और ताकतवर लॉबी के प्रभाव का भी वर्णन है।**

**आंतरिक कमिटी से फायदा नहीं:** रिपोर्ट में ठीक ही कहा गया है कि सेक्शुअल हैरासमेंट ऑफ विमिन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रॉहिबिशन एंड रिड्रेसल) एक्ट 2013 जैसे कानून और इसके तहत अनिवार्य बतायी गयी आंतरिक कमिटी गठित करने जैसे प्रावधान इन मामलों में ज्यादा मदद नहीं करते। इसकी एक वजह यह है कि ये वर्कप्लेस पर हैरासमेंट की बात करते हैं, जबकि फिल्म इंडस्ट्री में शोषण अक्सर काम मिलने से पहले ही शुरू हो जाता है। दूसरी बात यह कि शोषण करने वाले लोगों की लॉबी इतनी ताकतवर है कि शिकायत करने की हिम्मत दिखाने पर भी करिअर खत्म हो जाता है।

**बीमारी का बड़ा दायरा:** भले जस्टिस हेमा कमिटी की यह रिपोर्ट सिर्फ केरल फिल्म इंडस्ट्री की बात करती हो, अन्य फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। इसे भी महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि जिस समय यह रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है, कोलकाता में एक डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना को लेकर पूरा देश उद्वेलित है। ऐसी घटनाएं अलग-अलग इलाकों और पेशों में महिलाओं की असुरक्षा का सवाल पेश करती रहती हैं। ऐसे में कोई एक कानून, कोई एक आयोग या प्राधिकरण इसका इलाज नहीं हो सकता। पुलिस-प्रशासन, कानून-अदालत और परिवार-समाज सभी स्तरों पर दीर्घकालिक प्रयास ही बेहतरी सुनिश्चित कर सकते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जनवरी, 2024 में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में एफपीएस को ऑनबोर्ड करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य एफपीएस के ग्राहक आधार को विस्तार देना और उसकी व्यवहार्यता को बढ़ाना है। यद्यपि, एफपीएस की आर्थिक स्थिरता डीलरों और सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।**

# राशन से पोषण तक: पोषण सुरक्षा के लिए उचित दर की दुकानों का पुनर्अभिविन्यास

**संजीव चौपड़ा**



**वर्तमान में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग केवल पीडीएस के माध्यम से ऊर्जा देने वाले (एनर्जी रिच) अनाज (चावल और गेहूं) प्रदान करता है, जबकि आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पोषण संबंधी कमियों का सामना कर रही है।**

**चमन** प्रकाश, एक उचित दर दुकान (एफपीएस) डीलर हैं, जो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के प्रताप विहार ब्लॉक में पिछले 11 वर्षों से खाद्यान्न वितरित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में एक मात्र एफपीएस डीलर होने के कारण वे 1,500 से अधिक परिवारों को सेवा प्रदान करते हैं। समुदाय में एक विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में उनकी प्रतिष्ठा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण हुए व्यवधानों के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो गयी, जब लाभार्थी अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ी पात्रताओं पर बहुत अधिक निर्भर थे। प्रकाश, देश भर के उन 5.3 लाख डीलरों में से एक हैं, जो अंतिम छोर तक खाद्यान्न वितरण एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और पीडीएस के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इन एफपीएस को राज्य सरकारों द्वारा लाइसेंस दिया जाता है और इनका प्रबंधन भी किया जाता है तथा डीलरों को अपनी दुकानों पर प्रति क्विंटल लेन-देन के आधार पर डीलर मार्जिन के माध्यम से मुआवजा मिलता है। तथापि, एफपीएस के माध्यम से खाद्यान्न वितरण प्रत्येक माह 7-10 दिनों की अवधि में केंद्रित होता है। माह के शेष दिनों में, ये दुकानें कम उपयोग में रहती हैं, जिससे डीलरों को कोई अतिरिक्त आय का अवसर नहीं मिलता है। एफपीएस में भौतिक और मानव संसाधनों का इस प्रकार से उपेष्टतम उपयोग से, आवश्यक अंतिम छोर तक वितरण नेटवर्क की आर्थिक व्यवहार्यता और स्थिरता को खतरा पहुंचता है।

**खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग एक स्थायी मॉडल के लिए आधार तैयार कर रहा है।**

पिछले एक दशक में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने एफपीएस को आधुनिक बनाने के लिए विभिन्न क्रियाकलाप लागू किये हैं। सभी एफपीएस में इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल (इ-पॉस) डिवाइस लगाये गये हैं, और लगभग 100% लेन-देन अब आधार द्वारा बायोमीट्रिक रूप से प्रमाणित होते हैं। खाद्यान्नों का सही वजन सुनिश्चित करने के लिए इ-पीओएस उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है, जिसे 2024 के अंत तक पूरा किया जाना है। राज्यों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मॉडल एफपीएस विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और पीने के पानी जैसी सुविधाएं हों। राज्य सरकारों को एफपीएस डीलरों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत सृजित करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाओं और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) सेवाओं जैसी अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त बनाया गया है। जनवरी, 2024 में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में एफपीएस को ऑनबोर्ड करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य एफपीएस के ग्राहक आधार को विस्तार देना और उसकी व्यवहार्यता को बढ़ाना है। यद्यपि, एफपीएस की आर्थिक स्थिरता डीलरों और सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।

एक अन्य गंभीर चुनौती लाभार्थियों की पोषण सुरक्षा रही है। वर्तमान में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग केवल पीडीएस के माध्यम से ऊर्जा देने वाले (एनर्जी रिच) अनाज (चावल और गेहूं) प्रदान करता है, जबकि आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पोषण संबंधी कमियों का सामना कर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े उच्च एनीमिया दरों को दर्शाते हैं: 6 से 59 महीने की आयु के बच्चों में 67.1%, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में 57% और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में 25%। इसके अतिरिक्त, पांच साल से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग और कम वजन के मुद्दे बने हुए हैं। अतः, एफपीएस डीलरों के लिए आय के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ आहार विविधीकरण के माध्यम से जनसंख्या के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने जैसे दोहरे दृष्टिकोण (डुअल अप्रोच) की आवश्यकता है।

इन दो चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 60 एफपीएस- गाजियाबाद, जयपुर, अहमदाबाद और हैदराबाद प्रत्येक में 15 एफपीएस को 'जनपोषण केंद्र' (जेपीके) में परिवर्तित करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। ये केंद्र, अन्य मदों के अलावा, खुले बाजार की तुलना में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पोषक तत्वों से भरपूर वस्तुओं जैसे मिलेट्स (श्री अन्न), दालें, खाद्य तेल और सोयाबीन की एक विविध रेंज पेश करेंगे। जेपीके का उद्देश्य लाभार्थियों और स्थानीय आबादी के बीच पोषण संबंधी अंतर को दूर करते हुए डीलरों के लिए अतिरिक्त राजस्व स्रोत और बेहतर मार्जिन प्रदान करना है।

एफपीएस का जेपीके में बदलाव चार प्रमुख स्तंभों पर निर्भर करता है: 1) एफपीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, 2) चालान वित्तपोषण (इन्वॉइस फाइनेंसिंग) के माध्यम से एफपीएस डीलरों के लिए कार्यशील पूंजी तक पहुंच, 3) बी2बी एग्रीगेटर्स के माध्यम से बाजार संपर्क, और 4) पोषण संबंधी साक्षरता को बढ़ावा देना।

एफपीएस डीलरों की क्षमता बढ़ाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं, जो कौशल विकास मंत्रालय के तहत काम करता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, पोषण संबंधी साक्षरता और व्यवसाय प्रबंधन पर केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना है। प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम में भाग लेने वाले एफपीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण सत्र मई और जून 2024 के दौरान दो बैचों में आयोजित किये गये थे।

इसके अतिरिक्त, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 'एफपीएस-सहाय', एक मोबाइल एप्लिकेशन जो एफपीएस डीलरों को गैर-पीडीएस वस्तुओं की खरीद के लिए इन्वॉइस फाइनेंसिंग की अनुमति देता है, को बनाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एक और अन्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्रमुख बी2बी एग्रीगेटर्स को इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है ताकि एफपीएस डीलरों के लिए आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) लिंकेज स्थापित करने में सहायता की जा सके। इसके अलावा, एफपीएस डीलरों को पोषण मित्र के रूप में सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो लाभार्थियों को पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन और संतुलित भोजन बनाने के लाभों पर बुनियादी मार्गदर्शन प्रदान कर रहें हैं। इन चार स्तंभों के माध्यम से, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग एक स्थायी मॉडल के लिए आधार तैयार कर रहा है जो डीलरों और उनके द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों दोनों को लाभान्वित करता है।

इस पहल के साथ, चमन प्रकाश का पेशेवर जीवन परिवर्तन के लिए तैयार है, जिससे उन्हें अपनी पेशकशों में विविधता लाने, अपनी आय बढ़ाने और समुदाय के पोषण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सहायता मिलेगी। यह विकास न केवल उनकी आजीविका को बढ़ायेगा, बल्कि पूरे भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने में एफपीएस की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सुदृढ़ करेगा।

**(लेखक भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# 151 मौजूदा सांसदों, विधायकों के खिलाफ महिला अपराध के केस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच महाराष्ट्र के बदलापुर कांड ने भी पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। लोग सड़क पर उतर कर कड़े कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन जिस संसद के पास कानून बनाने का अधिकार है, वहां सैकड़ों ऐसे सांसद हैं, जिन पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े केस चल रहे हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक तिहाई से ज्यादा यानी 54 भाजपा से जुड़े हैं।

यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनइडब्ल्यू) ने तैयार की है। रिपोर्ट में 4,809 में से 4,693 सांसदों और विधायकों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया गया। इनमें 775 में से 755 सांसद और 4,693 में से 4,033 विधायक शामिल हैं। विश्लेषण में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि 16 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर बलात्कार के आरोप हैं। इनमें से 2 सांसद हैं। जिन नेताओं पर महिलाओं से जुड़े अपराध के मामले दर्ज हैं उन 151 में से 16 मौजूदा सांसद हैं और 135 मौजूदा विधायक हैं।

**किस पार्टी के कितने नेताओं के खिलाफ मामले?**

एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के नेता महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित 54 मामलों के साथ पहले नंबर पर हैं। इसके बाद कांग्रेस के 23 और टीडीपी के 17 नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज हैं। भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच सांसदों और विधायकों पर बलात्कार के आरोप हैं। आम आदमी पार्टी, बीएपी, एआइयूडीएफ, तृणमूल कांग्रेस और टीडीपी के एक-एक सांसद या विधायक पर बलात्कार के आरोप हैं।

**कौन सा राज्य आगे?**

रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल 25 मामलों के साथ उन राज्यों में सबसे आगे है, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों की घोषणा करने वाले मौजूदा सांसदों और विधायकों की संख्या सबसे ज्यादा है। आंध्र प्रदेश 21 के साथ दूसरे स्थान पर है और ओडिशा के 17 मौजूदा सांसदों और विधायकों के साथ आरोपों का सामना कर रहे हैं। 151 में से 16 मौजूदा सांसद/विधायक ने बलात्कार से संबंधित मामलों की घोषणा की है, जिनमें से दो मौजूदा सांसद हैं और 14 मौजूदा विधायक हैं।

**चुनावी हलफनामे में देनी होती है जानकारी**

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में यह अनिवार्य कर दिया था कि राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से यह बताना होगा कि वे आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को क्यों टिकट दे रहे हैं। एडीआर ने सिफारिश की थी कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, अऊफ्र ने सिफारिश की है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों को तेजी से निपटाया जाना चाहिए और एक तय समय सीमा के भीतर उनका समाधान किया जाना चाहिए, पुलिस जांच की निगरानी अदालतों द्वारा की जानी चाहिए। मतदाताओं से यह भी आग्रह किया जाता है कि वे ऐसे उम्मीदवारों का चुनाव करने से बचें, जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों और अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित स्व-घोषित मामलों की घोषणा की हो।

# आरजी कर कांड के खिलाफ पोस्ट करने पर तृणमूल की पूर्व सांसद को रेप की धमकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती को कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए एक्स पर एक पोस्ट किये जाने के बाद से इंटरनेट मीडिया पर दुष्कर्म की धमकियां और अश्लील मैसेज मिल रहे हैं। मिमी ने बुधवार को खुद एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए धमकी देने वालों को जमकर खरी-खोटी सुनायी है। उन्होंने धमकी का एक स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कोलकाता पुलिस के साइबर सेल को टैग करते हुए लिखा, और हम यहां महिलाओं के लिए न्याय मांग रहे हैं, है ना? ये उन्हीं में से कुछ जहरीले लोग हैं। जहां दुष्कर्म की धमकियों को बहुत ही नॉर्मल बना दिया गया है। ये वही लोग हैं, जो भीड़ में एक नकाब के पीछे छिपे हैं और सबके सामने कहते हैं कि वे महिलाओं के साथ खड़े हैं। कौन सी परवरिश और शिक्षा इसकी इजाजत देती है?

बता दें कि मिमी ने एक दिन पहले मंगलवार को आरजी कर कांड के खिलाफ एक्स पर एक पोस्ट किया था। उनका आरोप है कि इसके बाद से ही उन्हें धमकियां दी जाने लगीं। बता दें कि मशहूर बांग्ला अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती साल 2019 से 2024 तक कोलकाता की जादवपुर लोकसभा सीट से सांसद रही थीं। वह अक्सर इंटरनेट पर अपनी बात खुलकर रखती हैं। अभिनेत्री ने आरजी कर की घटना के खिलाफ 14 अगस्त की रात को आयोजित विरोध प्रदर्शन में भी हिस्सा लिया था।

## पैगंबर मोहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी से एमपी में बवाल

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर में मोहम्मद पैगंबर साहब पर की गयी टिप्पणी को लेकर बवाल मच गया। एफआइआर दर्ज कराने आये मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने थाने पर ही पथराव कर दिया। इस पथराव में थाना इंचार्ज और तीन सिपाही घायल हो गये। भीड़ ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। मुंबई में हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब पर किसी युवक के द्वारा टिप्पणी की गयी थी। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। कई स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किये गये हैं।

# बिहार में सेप्टिक टैंक में उतरे चार मजदूरों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार के पटना जिले में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराइबागी गांव में बुधवार की दोपहर नवनिर्मित शौचालय की टंकी में शटरिंग खोलने के दौरान एक-एक कर चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गयी। इस टंकी में दो फीट पानी भी भरा हुआ था। इस हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। मृतक मजदूरों की पहचान गोपाल राम, बिट्टू कुमार, झुनझुन राम और पवन राम के रूप में की गयी है। सभी पुराइबाग गांव के ही निवासी थे। दूसरी तरफ आक्रोशित ग्रामीणों के कारण अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को हादसा स्थल से वापस आना पड़ा। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी शुभम कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों के आक्रोश को झेलना पड़ा। जब अधिकारियों की टीम वापस आ रही थी, तब ग्रामीणों ने पथराव कर दिया।

## 24 कोच की होगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सेमी हाइस्पीड ट्रेन वंदे भारत में बड़ा बदलाव करने जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे अब 24 डिब्बे वाली वंदे भारत ट्रेन बनाने जा रहा है। यदि ऐसी ट्रेन बनती है, तो वंदे भारत प्रीमियम ट्रेनों में सबसे लंबी ट्रेन बन जायेगी। अब तक इस श्रेणी में केवल राजधानी एक्सप्रेस है। इस ट्रेन में अधिकतम 22 कोच जोड़े जाते हैं। दरअसल, पिछले दिनों वंदे भारत ट्रेनों के कोच बनाने को लेकर 35 हजार करोड़ रुपये के टेंडर कैंसिल हो गये थे। इसमें 200 स्लीपर वर्जन की वंदे भारत ट्रेन बनाने का ऑर्डर था। इसमें हर ट्रेन में 16 कोच लगाने थे। अब रेल मंत्रालय द्वारा वर्क ऑफ स्कोप में हाल ही में किये गये बदलाव के तहत अब 24 कोचों वाली 80 ट्रेन सेटों के उत्पादन की आवश्यकता है। नये टेंडर के तहत हर ट्रेन सेट के लिए 120 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत रखी गयी है।

## आसमान से आ रहा प्रलय, वैज्ञानिक चिंतित

**नयी दिल्ली।** ब्रह्मांड से पृथ्वी की ओर तेजी से एक नहीं, बल्कि तीन-तीन ऐसी चीजें आ रही हैं, जिसके टकराने से प्रलय आ सकता है। ये क्षुद्रग्रह (एस्टेरोइड्स) हैं, जो कि इस महीने के आखिरी में लगातार तीन दिनों तक पृथ्वी की ओर तेजी से बढ़ेंगे। हालांकि, इनके टकराने की आशंका नहीं है, लेकिन इसके बाद भी वैज्ञानिक चिंतित हैं।

## राज्यसभा चुनाव: भाजपा के टिकट बंटवारे में बाहरियों का पलड़ा भारी

**नयी दिल्ली** (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए नौ राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें बाहरियों का दबदबा है। कांग्रेस से आये रवनीत बिट्टू और किरण चौधरी से लेकर बीजद से आयीं ममता मोहंता तक को पार्टी ने टिकट दिया है। भाजपा ने बिहार से सर्वोच्च न्यायालय के वकील मनन कुमार मिश्रा को राज्यसभा में भेजने का फैसला किया है, जबकि इसी राज्य से पार्टी के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे, आरके सिंह, रामकृपाल यादव, ऋतुराज सिन्हा और शाहनवाज हुसैन जैसे नेताओं के पास कोई जिम्मेदारी नहीं है। यूपी के अमेठी से चुनाव हार गयीं स्मृति ईरानी को भी टिकट नहीं दिया गया है। भाजपा की इस सूची को लेकर राजनीतिक गलियारे में हलचल है।

## एससी-एसटी का आरक्षण बचाने और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए सड़क पर उतरे संगठन

# गढ़वा में बंद से प्रभावित हुआ आम जनजीवन



**भारत बंद का डंडई में असर, बांस बल्ली से रास्ता रोका**

**साप्ताहिक बाजार होने के बावजूद भी सन्नाटा पसरा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले के खिलाफ दलित, आदिवासी संगठन सहित सत्ता धारी पार्टी कि ओर से भारत बंद बुलाया गया। भारत बंद का असर डंडई प्रखंड के सभी पंचायतों में देखा गया। डंडई में बुधवार को साप्ताहिक बाजार होने के बावजूद भी मुख्य बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित यदुवंशी पेट्रोल पंप और अंबेडकर चौक के पास बंद समर्थकों ने मुख्य पथ को बांस और बल्ली से जाम कर दिया। धरना कि अगुवाई पचौर पंचायत मुखिया पति कृष्ण कांत सिंह, डंडई पंचायत मुखिया पति महेश्वर राम, बहुजन समाज पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष देवनाथ राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि अक्षय लाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा असंवैधानिक निर्णय एक अगस्त को दिया गया था। जिसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्गों के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की बात कही गयी थी। इसके बहाने आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है। अनुसूचित जाति, जनजाति में उपवर्गीकरण कर समाज को तोड़ने की सोच को कभी सफल नहीं होने दिया जायेगा। भारत सरकार अभिलंब अध्यादेश जारी कर आरक्षण को संविधान के 9वीं अनुसूची में शामिल करे।

## रमना में भारत बंद का कोई असर नहीं



रमना (आजाद सिपाही)। आरक्षण बचाओ समिति के द्वारा बुधवार को संपूर्ण भारत बंद का आवाहन किया गया था। जिसमें गढ़वा जिला के रमना मुख्यालय में कोई असर नहीं देखने को मिला। प्रतिदिन की तरह दुकानें व कार्यालय खुले एवं वाहनों की आवागम जारी रही। गौरतलब है कि रमना में सप्ताह में रविवार व बुधवार को बाजार लगती है। जिसकों देखते हुए, पुलिस प्रशासन सुबह से ही मुस्तैद रही।

## भंडरिया में राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भारत बंद के आह्वान पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के भंडरिया-गढ़वा मुख्यमार्ग को जाम किया। प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने कहा कि बंदी का समर्थन ही नहीं बल्कि बंदी में सड़क पर उतरकर बंद समर्थकों का सहयोग भी करना है। ताकि भविष्य में एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण को कभी छेड़छाड़ ना हो सके, साथ ही राष्ट्रपति के नाम भंडरिया प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के लेटर पैड पर ज्ञापन सौंपा।

## मेराल में भारत बंद का मिलाजुला असर



मेराल (आजाद सिपाही)। एससी/एसटी आरक्षण में वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए वक्तव्य के विरोध में विभिन्न संगठनों का भारत बंद का मेराल में मिला जुला असर देखने को मिला। कई संगठनों के दर्जनों लोग बस स्टैंड में सड़क पर उतरकर बाजार बंद कराया और एनएच 75 को जाम कर दिया। बंद करा रहे बसपा, भीम आर्मी, का समर्थन झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा अन्य संगठन ने भी किया। इस अवसर पर बसपा के प्रदेश सचिव सुनीता देवी, बसपा के जिला प्रभारी नंदा पासवान, गढ़वा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानी राम, प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राम, गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र साव, कुंदन चंद्रवंशी, सुदीप सुमन, रामकेश राम, राहुल कुमार तथा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश उर्फ सुद्धू सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## विशुनपुरा में बंद का मिला-जुला असर



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। एसटी -एससी आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसला को लेकर बुधवार को भारत बंद का विशुनपुरा में आशिंक असर देखा गया। भारत बंद को लेकर विशुनपुरा बसपा एवं भीम आर्मी के दर्जनों कार्यकर्ताओ ने बैंक मोड़ के पास विशुनपुरा मझिआंव मुख्य सड़क को जाम कर दिया। भारत बंद के समर्थन में उतरे बसपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आरक्षण के नाम पर दलितों को बांटने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर बसपा नेता सुदामा राम, शंकर राम, करीमन राम, दयाशंकर प्रसाद, पंकज कुमार, यतेंद्र रवि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कांडी में भारत बंद का दिखा असर



कांडी (आजाद सिपाही)। भारत बंद का कांडी में भी असर देखा गया। कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क को पेट्रोल पंप तीन मुहान पर टायर जलाकर व अवरोध खड़ा कर सड़क को जाम कर दिया गया। सभी वक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए फैसले को वापस लेने की बात कही। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे। बंद समर्थकों में सभा अध्यक्ष डॉ.कृष्णा राम, विनीत कुमार, दिनेश कुमार ,देवेंद्र प्रजापति, सतेंद्र पासवान, सुग्रीव राम, सुशील कुमार, विजय राम, अमरेंद्र, प्रभु राम, मुखिया प्रतिनिधि अरूण राम, बीडीसी लव कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## रंका में एसडीओ के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



रंका (आजाद सिपाही)। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर अनुसूचित जाति - अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को बचाने और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय में चेकनाका के पास विभिन्न राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 को 8 घंटे (लगभग) तक जाम कर दिया। इस बंदी में झामुमो, बसपा, असपा सहित अन्य पार्टी के हजारों लोग शामिल थे। इस आरक्षण को यथावत बहाल करने संबंधी रंका अनुमंडल पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम को सौंपा गया। इस मौके पर झामुमो के राजकिशोर राम, संजय गौतम, मधुसूदन राम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय भुईयां, एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र रजक, जिला बसपा के अजय मेंटल, सुनेश्वर सिंह और आजाद समाज पार्टी के हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

## श्री बंशीधर नगर में बंद का आंशिक असर



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर में बंद का आंशिक असर देखा गया। बहुजन समाज पार्टी के पंकज कुमार चौबे ने कहा कि आरक्षण में किसी प्रकार का छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर व्यापक पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने बंद को पूरी तरह सफल बताया। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने बंद को सफल बताते हुए कहा कि केंद्र के मोदी सरकार आरक्षण को खत्म करना चाहती है जिसे झामुमो कभी पूरा होने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि बंद में सहयोग करने के लिए सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद। मौके पर मुक्तेश्वर पांडे, अमरनाथ पांडे, सूर्यदेव मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके पश्चात बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने श्री बंशीधर नगर दंडाधिकारी को अपनी मांग पत्र सौंपा।

## भारत बंद का धुरकी में मिला-जुला असर रहा



धुरकी (आजाद सिपाही)। झामुमो के कार्यकर्ताओं ने धुरकी प्रखंड मुख्यालय समीप बस स्टैंड में 2 घंटे तक मुख्य सड़क बैठे रहे। भारत बंद का धुरकी में मिला-जुला असर रहा। समर्थकों ने कहा कि पूरे भारत में एससी-एसटी संगठन के जितने भी लोग हैं, वह सभी एक साथ 21 अगस्त को बंद का आह्वान किये थे। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जो निर्णय दिया गया था, एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण किया जा रहा है। वर्गीकरण से हमारी एकता का खंडन होगा। उसके खिलाफ सड़क पर उतर कर हम सभी एक संदेश देना चाहते हैं। साथ ही भारत सरकार से अपेक्षा करते हैं कि एक्ट बनाकर नौवीं अनुसूची में इसे डाला जाये और आरक्षण की जो व्यवस्था है वह बनी रहे, साथ ही सभी से अपेक्षा करते हैं कि इस बंद को सफल बनाने में हमारी मदद करें। इस दौरान सड़क पर सैकड़ों की संख्या में बंद समर्थक मौजूद थे।

## मंत्री अपने बिचौलियों के साथ गढ़वा को लूटने का काम कर रहे हैं: गिरिनाथ सिंह



गढ़वा (आजाद सिपाही)। परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया गया। यात्रा मुख्य रूप से ग्राम मेराल के मकुना टोला, छवनवा टोला ग्राम कुम्भी के सुकठवा टोला, चरका पत्थर टोला, अबादगंज में किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि अयूब मंसूरी का निर्मम हत्या कर दिया गया वह एक समाजसेवी था। लोगों की मदद करता था। इसीलिए उसे रास्ते से हटा दिया गया। लोग जब जांच की मांग करने गये, तो मंत्री ने डाट कर भगा दिया। पूरे गढ़वा विधानसभा में गुंडागर्दी, माफियागिरी, भ्रष्टाचार चरम पर है। मंत्री अपने बिचौलियों के साथ गढ़वा को लूटने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम चिरौंजिया वार्ड सदस्य नौसाद के घर के पास भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं अन्य दलों को छोड़ हिंदू व मुस्लिम समाज से लगभग 200 लोगों को माला पहना कर परिवर्तन यात्रा में शामिल किया और साथ चलने का संकल्प लिया।

## मनोनीत मंडल अध्यक्ष को अलखनाथ ने सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा गढ़वा रंका विधानसभा भाजपा के सभी मनोनीत मंडल अध्यक्ष गोवावाल मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष परीक्षित तिवारी, गढ़वा नगर मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, चिनिया मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह, मेराल उत्तरी मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, मेराल दक्षिणी मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, रंका उत्तरी मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष प्रकाश दास, रंका दक्षिणी मंडल के मनोनीत मंडल अध्यक्ष बलराम यादव को भाजपा गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय, भारतीय जनता पार्टी गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य भगत सिंह साहू, भाजपा एसी मोर्चा पलामू जिला के प्रभारी सुरेंद्र राम, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे, भाजपा गढ़वा जिला के मंत्री चंदन जायसवाल, भाजपा नेता धनंजय तिवारी ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामना दिया।

JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar
Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067
e-mail: japit_doit@rediffmail.com

Corrigendum-1
Request For Proposal (RFP) for
Empanelment of Agencies under Rate Contract for
Scanning, Digitization and Document Management System
Tender Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024
Reference PR No. 331503

This is in reference to the Request for Proposal (RFP) published for the purpose of **"Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System"** with Reference No.: **JAP-IT/RC/Digitization/01/2024 dated 02/08/2024.** Pre-bid response has been uploaded as corrigendum-1 on e-procurement website.

Interested participants may download the Corrigendum-1 document from the Portal https://jharkhandtenders.gov.in.

The address for correspondence for the purpose of this RFP is:
**Chief Executive Officer,**
**JAPIT, Ground Floor, Near Golchakkar,**
**Engineer's Hostel - 1, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**
**Email:** japit_doit@rediffmail.com
**Phone No.: +91-651-2401044**

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR 333342 Information Technology (24-25)_D

## 'हल्ला बोल पोल खोल' कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के चिनिया बाजार और भारतीय स्टेट बैंक के पास हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि सहायक अध्यापकों का वेतनमान की मांग एक ज्वलंत मुद्दा है। बावजूद इसके यहां के स्थानीय विधायक सह प्रदेश के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। आज सहायक अध्यापक दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सहायक अध्यापक कई बार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया। लेकिन उन्हें लाठी और आश्वासन के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ है। इस अवसर पर पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा भावी प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जमीरउद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पीसीसी सड़क पर जल जमाव, ग्रामीणों को परेशानी

मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार स्थित राधा कृष्ण मंदिर के समीप मुख्य सड़क से सटे मुहल्ले में पिछले कई दिनों से बरसात का पानी घर के अगल-बगल और पीसीसी सड़क पर ढाई से 3 फीट तक गहराई जल जमाव की समस्या विकराल हो गयी थी। जिसकी वजह से लोगों को घर से निकलना दुर्लभ हो गया है।

## बाबू दिनेश सिंह विवि में विश्व उद्यमिता दिवस का आयोजन

**डॉ अजय भूषण प्रसाद ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में उद्यमशीलता का गुण विकसित करना आवश्यक है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के सेमिनार कक्षा में 'विश्व उद्यमिता दिवस '(वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे )का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ०अजय भूषण प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ एनके मिश्रा तथा अतिथि के रूप में डॉ बासवराज कलाली, डॉ मरियम्मा जकारिया तथा एसके ओझा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ अजय भूषण प्रसाद ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में उद्यमशीलता का गुण विकसित करना आवश्यक है तथा उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मनुष्य में प्राकृतिक रूप से विकसित पांच गुण जिसमें भूख, प्यास, प्यास, नींद और डर होता है और जो इन पर विजय प्राप्त करता है उनके गुणों मे उद्यमिता विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ एनके मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राओं में उद्यमिता का विकास समय की आवश्यकता है और नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में इसको विकसित करने पर जोर दिया गया है। अतिथि के रूप में डॉ बासवराज कलाली ने अपने भाषण में कहा कि उद्यमशीलता का विकास रोजगार के अवसर को उपलब्ध कराता है। पूरे कार्यक्रम का संचालन विवि के इंजीनियरिंग विभाग के डीन डॉ० पंकज कुमार के द्वारा किया गया। दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता के द्वारा मंच संचालन किया गया तथा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला सामान्य शाखा)

विज्ञापन संख्या :- 01/2024

-: आवश्यक सूचना :-

हजारीबाग जिला अंतर्गत चौकीदार के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु कार्यालय ज्ञापांक 963/सा0 दिनांक 07.08.2024 के द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2024 में दिनांक 21.08.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित करने का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

अपरिहार्य कारणों से हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/2024 में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.08.2024 को बढ़ाते हुए आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 28.08.2024 दिन–बुधवार को अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है। विज्ञापन संख्या 01/2024 की अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 333347 District(24-25)#D

# ऐतिहासिक योजना है झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : मंत्री

**गढ़वा में अब तक दो लाख से अधिक आवेदन हो चुके स्वीकृत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना देश का अब तक का ऐतिहासिक योजना है। इस योजना से राज्य की आधी आबादी एक साथ लाभान्वित हो रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड के इतिहास में अब तक किसी भी सरकार ने इतनी बड़ी जनकल्याणकारी योजना लागू नहीं की है। जिससे बहन बेटियों को स्वावलंबी बनने में मदद मिले। इस योजना से राज्य की सभी बहन बेटियों में आशा की नयी किरण जगी है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से लगातार अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखते हुए जनहित की योजनाएं चलायी जा रही हैं। सभी योजनाओं का लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है।

## फर्जी कॉल से रहें सावधान, किसी को नहीं दें अकाउंट डिटेल : मंत्री

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता से फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित अपने अकाउंट डिटेल की जानकारी किसी को भी नहीं दें। कई लोग मैसेज या कॉल (बैंक का फर्जी कॉल) करके फ्रॉड कर रहे हैं। एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के माध्यम से भी मैसेज आ सकते हैं।

## चिनियां में तीन करोड़ की लागत से बनेगा पुल, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि गढ़वा जिला के चिनियां प्रखंड में ग्राम रणपुरा से पुरेगाड़ा जाने वाली पथ के बीच करूअसन नाला (पुरानडीह नाला) पर दो करोड़ 64 लाख 12 हजार 800 रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत बनने वाली इस पुल की झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए यह पुल अतिमहत्वपूर्ण योजना है। इस पुल के निर्माण से लगभग एक दर्जन गावों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। रणपुरा, पुरेगाड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। मंत्री ने कहा कि वे झूठे आश्वासन देने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास करते हैं। यही कारण है कि आज गढ़वा के सभी गावों में सड़क, सभी नदी, नलों पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है। क्षेत्र में मूलभुत सुविधा उपलब्ध हो। इसके लिए जनता को कहीं भी भटकना न पड़े, यही मेराल लक्ष्य है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-08/2024-25

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड चैनपुर के पंचायत तलैया बभंडी में श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर का पर्यटकीय विकास कार्य। | 1040100.00 | 21000.00 | 2500.00 | 02 माह। |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.08.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू

PR 333352 (District)24-25*D

## मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

# तमाड़ विस क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क की समस्या हुई विकराल

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के पूर्व विधायक व मंत्री बिरसा विकास समिति के महासचिव राजा पीटर 26 अगस्त से तमाड़ विधानसभा के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर पैदल मार्च करेंगे। तमाड़ के भुईयाडीह से बुंडू अनुमंडल कार्यालय तक पैदल चलकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे इसकी घोषणा बुधवार को उन्होंने तमाड़ में संवाददाता सम्मेलन में दी। संवादाता सम्मेलन में तमाड़ विधानसभा की ज्वलंत मुद्दों को लेकर अपनी बातों को रखा। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सालगडीह से

**पूर्व मंत्री राजा पीटर 26 को करेंगे पैदल मार्च**



उल्लीलोहर तक का सड़क और सालगाडीह से लेकर राउता तक की सड़क की जो स्थिति है मैं चाहूंगा मुख्यमंत्री एक बार इस सड़क पर गाड़ी में चल कर देखे। उन्होंने कहा पुर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में यहां पावर ग्रिड बना पर अभी वर्तमान में अधिकांश गांव में अंधेरा छाया हुआ है। जगह-जगह ट्रांसफार्मर खराब अवस्था में है। बिजली विभाग के लोगों का ध्यान इस ओर नही जाता है। जनता निराश है। जगह-जगह जल मीनार खराब पड़े हैं। लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा स्वस्थ मंत्री बोलते हैं की स्वस्थ के क्षेत्र में झारखंड विकाश कर रहा है। परंतु तमाड़ प्रखंड में दस साल पुर्व बने सरकारी अस्पताल को अभी तक चालू नहीं किया गया है। नये बने भवनों में जुवारियों और नशाखोरों का अड्डा है। प्रेस कांफ्रेंस में पीटर ने कहा कि स्थानीय विधायक विकास मुंडा की धर्मपत्नी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के बाहर जा कर। नामकुम थाने में बालू पकड़वाने का मामला अभी तक जनता के सामने उद्भेदन नहीं हो पाया। कहा की इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल में किए गये बालू डंप नहीं देखते है। जबकि खुलेआम प्रशासन की सह पर बालू की कालाबाजारी जोरो पर चल रही है। उन्होंने कहा की झारखंड की सरकार किसानों को तमाड़ में कोल्ड स्टोर देने की घोषणा की थी जो झूठा ही साबित हुई। उन्होंने कहा की झारखंड सरकार जमीन दलालों को सुरक्षा मुहैया करवा रही है। जबकि मैं परदेश का पूर्व कैबिनेट मंत्री रहा हुं। अभी तक मुझे सुरक्षा गार्ड नही दी गयी है। इसमें भी षड्यंत्र है। मौत से डरने वाला नहीं हूं विरसा विकास समिति के लोग सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा विधायक जी का बयान आता है की तमाड़ विधानसभा के सड़कों का जाल बिछाया गया है लेकिन विधानसभा की सभी सड़के चलने लायक नहीं है। खुलेआम कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन के नाम पर लोगों से पैसा लिया जा रहा है। पर शिक्षा विभाग मौन रहता है। इन सब समस्याओं के समाधान के लिए विरसा विकास समिति के बैनर तले 26 अगस्त 2024 को हम लोग भूईयाडीह के शहीद निर्मल महतो के आदमकत प्रतिमा पर माल्यार्पण करके बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय तक पैदल मार्च करेंगे और महामहिम राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री को ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन देंगे। तमाड़ में महिलाओं के साथ जो लोन धोखा हुआ पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर रही है। इस संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा विकास समिति के रोशन महतो, नीतीश पांडेय, अटकू चौधरी, धनंजयस्वासी, संतोष जायसवाल, अनूप कुंडू, दीपक सहदेव, परमेश्वर सेठ, सतनारायण मुंडा, रमेश महतो, कौशिक चक्रवर्ती, अशोक ठाकुर, बिंदा कोइरी, आंदू कोइरी, मिलन चटर्जी, भोला मुखर्जी, शिवनारायण महतो, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## खराब ट्रांसफार्मर से लोग परेशान



रडगांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के वार्ड नंबर पांच का बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 40-50 उपभोक्ता हैं, चौक का इस ट्रांसफार्मर से कयी वगैरह होटल चलता है मगर बिजली विभाग का ध्यान नहीं है, बिजली बिल के लिए विभाग परेशान करता है, लेकिन खराब होता है तो ध्यान नहीं देता है गांव वाले कई बार अपना पैसा जमा कर के बनाया था, लेकिन ये ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होता रहता है, कई बार इसके उपभोक्ता के द्वारा शिकायत विधायक विकास मुंडा के पास भी किया गया। मगर कोई सुनने वाला नहीं है।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का हुआ आयोजन




ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चिरुगोड़ा फुटबॉल मैदान में मंगलवार और बुधवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हुए। विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिए खिलाड़ी जो प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए उन्हें प्रशस्ति प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला में भाग लेने का मौका मिलेगा। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी, बीपीएम चंदन कुमार सिंह, शिक्षक भजोहरी महतो, संतोष कुमार महतो, करम सिंह मुंडा, आशीष महतो, प्रशांत महतो, पद्दोलोचन महतो आदि उपस्थित थे।

# 'भारत बंद' खूंटी-पिपरवार कोयलांचल में व्यापक असर, कई जगहों पर सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता







**खूंटी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति(एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर दिए गए फैसले के खिलाफ विभिन्न संगठनों द्वारा बुधवार को आहूत भारत बंद का खूंटी जिले में पूरा असर रहा। सुबह से सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यात्री और माल वाहक वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सुबह ही झामुमो और अन्य आदिवासी संगठनों से जुड़े नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और दुकानों और वाहनों को बंद करा दिया। बंद समर्थकों ने जिला मुख्यालय के नेताजी चौक, भगत सिंह चौक और टंगराटोंली के पास सड़क जाम कर दी। दो पहिया वाहनों को भी रोक दिया गया। इसके कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिशनरीज संस्थानों से जुड़े स्कूल और कॉलेज भी बंद रहे। कुछ स्कूल सुबह में खुले, लेकिन नौ-दस बजे सभी स्कूलों में छुट्टी दे दी गयी। बंद समर्थकों ने सरकारी स्कूलों को भी जबरन बंद करा दिया। झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, मगन मंजीत तिड़ू, स्नेहलता कंडुलना सहित कई नेता बंद के समर्थन के लिए सड़कों पर उतरे। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड मुख्यालय के अलावा ग्रामीण इलाको में भी बंद प्रभावी रहा। भारत बंद के कारण यात्री वाहनों का परिचालन ठप होने से दिन भर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। ज्ञात हो कि दलित और आदिवासी संगठनों ने हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर भारत बंद का आह्वान किया था, जिसे झामुमो, बसपा, राजद सहित कई राजनीतिक और सामजिक संगठनों ने बंद को समर्थन दिया। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने एक फैसले में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के बीच में ही अलग-अलग श्रेणियां बनाने की राज्य सरकारों को मंजूरी दी थी। कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण का सबसे अधिक फायदा जरूरतमंदों को मिलना चाहिए।

इस फैसले के खिलाफ दलित और आदिवासी संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ ने भारत बंद का ऐलान किया था। कोर्ट के इस फैसले को दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया गया था। कोर्ट से इस फैसले को वापस लेने की मांग की जा रही है।

### पिपरवार कोयलांचल में रहा व्यापक असर

**पिपरवार।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा आहूत एक दिवसीय भारत बंद का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र एवं आस पास के ग्रामीण इलाकों में व्यापक असर देखा गया। बंद के दौरान विभिन्न इलाकों में कई सामाजिक संगठन और राजनैतिक दलो के लोग सड़क पर उतरकर पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। बचरा मे कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा और ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ बीसी इंपलाई को-आर्डिनेशन काउंसिल, झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित कई सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों के लोग सुबह से ही सड़क पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बंद समर्थक पूरे इलाके में बाइक जुलूस निकाल कर भ्रमण किया और घूम-घूमकर बाजारों और दुकानों को बंद कराया। बंद समर्थक सभी दुकानों को बंद करा कर सभी लोगों से बंदी को सफल बनाने की अपील कर रहे थे। इधर बंदी का असर सीसीएल की कोयला ढुलाई एवं लोकल सेल के कामकाजों पर भी देखा गया। सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग, और राजधर साईडिंग की कोयला ढुलाई बंद रही। इस मौके पर शंकर राम, कामेश्वर राम, इकबाल हुसैन, बाबूलाल राम, अलबर्ट एक्का, रतन लाल, रामचंद्र उरांव, आनंद मुंडा, गीता एक्का, सरोज देवी, जितेंद्र कुमार, बालेश्वर उरांव, छोटू गंझु, सचिन पासवान, धनेश्वर गंझु, मिश्रा पासवान, झरी राम, प्रेम महतो, कार्तिक राम, जंगबहादुर राम, दिनेश राम, प्रकाश राम,जेपी महराज, चमन महतो, एसडी राम, गणेश राम, ललकु भुइंया, हिमांशु चाटर, कृष्णा बैठा, निर्मल महतो, तीरथ पासवान, नागेश्वर राम, जगदीश गंझु, फागू भगत, सुनीता देवी, सीता मुंडा, मीना देवी,सुरेंद्र राम, फुलेंद्र कुमार, नरेश सेठ, पंकज दास, ईश्वर कुमार, राहुल राम,राज पाल, अजय राम, सूरज राम, रमेश उरांव, बसंत लाल, विकाश राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अड़की में बंदी का व्यापक असर रहा



तमाड़ (आजाद सिपाही)। भारत बंद के तहत बुधवार को तमाड़ व अड़की मे बंदी का व्यापक असर रहा। बंदी को सफल बनाने में भीम सेना के समर्थकों ने पूरा तमाड़ में मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर व्यावसायिक वर्ग, किसान वर्ग साथ में मजदूर वर्गों के लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से बंद को सफल बनाने का अपील करके इस बंद को समर्थन देने का आह्वान किया गया था। भीम सेना के तरफ से सभी को हार्दिक आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद देते हैं, इस कार्यक्रम में भीम सैना के सभी सदस्य साथ में बहुत से राजनीतिक दलों के लोगों ने भी इस बंद को सफल करने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई भीम सेना के मुरली सेठ, उमेश नायक, दिलीप सेठ, ललित मुंडा, हीरा मुंडा, संजय सेठ, पूर्णचंद्र मुंडा, आशीष सेठ, राकेश सेठ, दीपक मुंडा, विकाश सेठ, राहुल सेठ, सोनाराम मुंडा, सुखदेव मुंडा, बुधेस्वर मांझी, दीनबंधु मुंडा, अशोक सेठ, पियूष सेठ, पिंकू सेठ, किट्टू सेठ, अंकित सेठ, सचिन पातर, दिनेश स्वासी, ललित स्वांसी, मधु सेठ, अनिल मुंडा, हरी मुंडा, रामधन मुंडा, गोपाल मुंडा, समर्थक शामिल हुए।

## भारत बंद के आह्वान पर बुंडू पूरी तरह बंद रहा

बुंडू (आजाद सिपाही)। भारत के सर्वोच्च उच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति को वर्गीकरण में बांटने को लेकर देश भर में विभिन्न पार्टियों और सामाजिक संगठनों के द्वारा बुलाएं गये भारत बंद के आवाहन पर बुंडू पूरी तरह बंद रहा। इस दरमियान सुबह से ही बुंडू बाजार की सारी दुकान बंद रही और बस स्टैंड से इक्का-दुक्का ही बसे चली हालांकि आम दिनों की तरह सरकारी कार्यालय खुले रहे। बंदी शांतिपूर्ण रहा समाचार लिखे जाने तक कहीं से अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है।

## विनोद विहिप के जिलाध्यक्ष, मुकेश नगर अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवादादता



**खूंटी।** जिले के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद जयसवाल को फिर से विश्व हिंदू परिषद का खूंटी जिला बनाया गया है, जबकि मुकेश जयसवाल को खूंटी नगर का अध्यक्ष बनाया गया है। कोडरमा में पिछले दिन विहिप की हुई प्रांत बैठक में विश्व हिन्दू परिषद में कुछ नये लोगों को भी दायित्व दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने बुधवार को बताया कि राजीव कुमार झा को जिला मंत्री बनाया गया है। जिला समरसता प्रमुख बिरेंद्र सोनी बनाये गये हैं। जिला कार्यकर्ता विशेष संपर्क प्रमुख सह नगर अध्यक्ष का दायित्व मुकेश जायसवाल कों दिया गया है। इनके अलावा बजरंग दल जिला संयोजक अभिषेक कुमार, बजरंग दल जिला सह संयोजक मनीष कुमार, जिला उपाध्यक्ष शिव राज सिंह, अजय साहू और विकास मिश्रा बनाये गये हैं, जबकि जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार जयसवाल को बनाया गया है।

## एससी-एसटी आरक्षण का वर्गीकरण के विरोध में खलारी में बंद असरदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एससी एसटी आरक्षण का वर्गीकरण किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आहूत भारत बंद का खलारी में व्यापक असर रहा। भारत बंद को लेकर एससी एसटी ओबीसी एकता मंच सहित कई सामाजिक संगठन और राजनीतिक पार्टियों ने भी इस बंद का समर्थन किया है। भारत बंद को देखते हुए विभिन्न दलों के नेता और एससी एसटी समुदाय के लोग सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध किया। सुबह से ही मंच के सदस्यों ने पूरे खलारी क्षेत्र में घुम घुम कर दुकानों को बंद कराया वही कोयला खदानों में उत्पादन और कोयला ढुलाई को भी ठप कराया। वही सड़क पर उतरकर दुकानों को बंद करते हुए जोरदार विरोध जताया है। खलारी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में बंद का असर रहा। वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण किए जाने के फैसले को केंद्र सरकार की साजिश है। आरक्षण को खत्म करने का प्रयास किया गया तो पूरा एससी एसटी समुदाय इसका पूरे देश में जोरदार विरोध करता रहेगा। वही सड़क पर उतरे लोग वर्गीकरण के फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे थे। दोपहर में महामहिम राष्ट्रपति के नाम खलारी अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया।

## आदिवासी विकास संघर्ष समिति ने सड़क जाम की




सोनाहातू (आजाद सिपाही)। आदिवासी विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष भोलेश्वर सिंह मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में सिल्ली-टीकर-जमशेदपुर सड़क को बारेंदा चौक में जाम किया एवं सभी दुकानों को बंद कराया। आदिवासी विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। जाम की सूचना मिलते ही 12 बजे के आसपास थाना प्रभारी चंदन कुमार पहुंचे। शांतिपूर्ण वार्ता के बाद जाम को हटाया गया। सुबह 7 बजे से 12 बजे तक सड़क जाम रहा। मौके पर आदिवासी विकास संघर्ष समिति के सचिव राजकिशोर सिंह मुंडा, राजू मुंडा, मनोहर सिंह, प्रकाश सिंह मुंडा, दीनबंधु सिंह मुंडा, श्रवण नायक, लालजी पुरान, महिराम मछुवा, अंगद नायक, दिलेश मछुवा, रमेश मछुवा, राजू मुंडा, वृंदावन पुरान, प्रकाश पुरान, योगेश्वर पुरान, लालजी पुरान, दीपक पुरान, कर्ण पुरान, राकेश महतो, पंकज राय पंचानन मछुवा, गवर्धन सिंह मुंडा, समरा मछुवा, आदित्य कर्मकार, पप्पू राय मौजूद थे।

## चार दिन फिजिकल अटेंडेंस की बाध्यता समाप्त की जाये: संयुक्त मोर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू से संबंध यूनियनो के द्वारा चुरी कोलीयरी में एक गेट मीटिंग किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता मिथिलेश कुमार सिंह और संचालन शैलेश कुमार ने किया। मीटिंग मे उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि संडे पीएचडी को लेकर मजदूरों में प्रबंधन के द्वारा भ्रम फैलाया गया है। श्रमिक संगठनों ने कभी भी मजदूरों के अहित के लिए कोई फैसला नहीं लिया है। संडे पीएचडी के लिए चार दिन फिजिकल अटेंडेंस का निर्णय सीसीएल मुख्यालय के द्वारा लिया गया है। इस मुद्दे को यूनियनो ने हमेशा विरोध किया है, इसके लिए एनके एरिया का संयुक्त मोर्चा बिगत चार माह से आंदोलनरत है। इस बिषय पर प्रबंधन से लगातार चार बार बैठक भी हो चुकी है लेकिन प्रबंधन अपनी बात पर अडा हुआ है। यूनियनों की मांग है कि संडे व पीएचडी के लिए चार दिन फिजिकल अटेंडेंस की कोई बाध्यता नहीं होनी चाहिए। पहले जैसा चल रहा था वैसा ही चलाना होगा। इसी को लेकर पूरे एनके एरिया के सभी कोलियरियों में गेट मीटिंग किया जा रहा है, तथा मजदूरों से आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की जा रही है। बायोमैट्रिक अटेंडेंस के सवाल पर बक्ताओं ने कहा कि यह सिस्टम कोलियरियों में लागू नहीं हो सकता है। गेट मीटिंग को प्रेम कुमार, अमरभूषण सिंह, डीपी सिंह, गोलटेन प्रसाद यादव, शैलेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, दीपक मंडल, धीरज कुमार ने संबोधित किया। इस अवसर पर चुरी प्रोजेक्ट के सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## खपिया में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट पर लॉकडाउन एफसी की टीम ने जमाया कब्जा

# खेल और खिलाड़ी को हर संभव मदद दी जायेगी : रोशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बुंडू के खपिया फुटबॉल मैदान में स्वतत्रंता दिवस के अवसर पर पटेल स्पोर्टिंग क्लब खापिया के द्वारा आयोजित मनी प्राइज फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह पूर्वक किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। जिन्हे पिपरवार क्षेत्र से खपिया मैदान तक भव्य रूप से स्वागत करते हुए लाया गया। फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में लॉकडाउन एफसी बनाम शिव मंदिर बुंडू एफसी के बीच खेला गया, जबकि बालिकाओं में एसएसएवीएम चिरैयाटांड़ बनाम हजारीबाग एफसी के बीच खेला गया। जिसमें बालक वर्ग मे लॉकडाउन एफसी ने 1-0 से और बालिका वर्ग मे एसएसवीएम 4-0 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। बालक वर्ग के विजेता को नकद पुरस्कार सहित जर्सी सेट व 15 हजार व उपविजेता को 10 हजार नगद। वही बालिका वर्ग में विजेता को 2100 रुपये एंव उपविजेता को 1100 रुपये सहित सेमीफाइनल में पहुंचे बालक बालिका के सभी टीमों को जर्सी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है,बस जरूरत है प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सही प्लेटफॉर्म तक ले जाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर मोहन महतो, रविशंकर जायसवाल, विनोद सिंह, संजय पासवान, दीपक कुमार दीन्हा, बुंडू मुखिया तुलसी तूरी,पंसस मुनीता देवी, रंजीत तुरी, गंगाधर महतो, मदन साव, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, बुंडू पंचायत अध्यक्ष दीपक साहू, राजेश सिंह यादव, कमलजीत सिंह, अनिल यादव, उमेश मेहता, अर्जुन कुमार महतो, बिगन नोनिया, फुलदेव,रमेश महतो, तारकेश्वर महतो, शंभू, कमल सिंह, नरेश महतो, रघु महतो, घनश्याम महतो, प्रकाश राम, प्रीतम, जगदीश खलको सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के श्रमिक प्रतिनिधियों ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के श्रमिक प्रतिनिधियों ने बुधवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के एसीसी मेंबर व सीटू के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी और जनता मजदूर संघ के सचिव व सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर रविंद्रनाथ सिंह संयुक्त रूप से सीसीएल सीएमडी एनके सिंह से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर सीएमडी श्री सिंह का स्वागत किया। इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के कोयला मजदूरों कि समस्या एवं क्षेत्र के विस्थापितो से संबंधित बकाया नौकरी और मुआवजा जैसी समस्या से सीएमडी को अवगत कराया।

# इटकी में 139 बिरसा सिंचाई कूप ढह गये, मजदूरों को पैसे का भुगतान नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

इटकी। इटकी बिभागीय लापरवाही के कारण प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना से निर्माण की जा रही करीब 139 बिरसा सिंचाई कूप ढहने के कगार पर हैं। वहीं मनरेगा मजदूरों के मजदूरी का भुगतान बंद हो गया है। बालू,पत्थर के अभाव, निर्माण कार्य में अनियमितता के साथ मनरेगा कर्मियों के अनिश्चित हड़ताल में चले जाने के कारण ऐसी स्थिति बन गई है। प्रत्येक सिचाई कुप करीब 3.96 लाख खर्च कर निर्माण किया जाना है। सरकार को यहां 219 कूप निर्माण में लगभग 8,67,24000 करोड़ लागत आयेगी। सरकार ने प्रखण्ड के कृषकों के लिए वित्तिय वर्ष 2024-25 में बिरसा सिंचाई कूप



योजना के तहत 219 कुआं आवटंन किया है। प्रखंड प्रशासन निर्धारित समय पर सभी कूप को निर्माण कर लेने का लक्ष्य रखा था। किंतु मात्र 80 सिंचाई कूप का निर्माण भौतिक तौर पर पूरा की जा सकी है। इसके लिए कूप मालिकों की तत्परता वह अपने समर्थ के बल पर निर्माण संभव हो सका है। कुआं निर्माण में भेंडर भी पत्थर बालू सहित अन्य सामग्री सप्लाई करना बंद कर रखे हैं। अधिकृत जानकारी के अनुसार कुआं के धरातल से दस फीट उपर तक पत्थरों से जोड़ाई करना है इसके बाद पारा पीट तक ईट्टों से कुआं के दिवार जोड़ना है। किन्तु पत्थर नही मिलने के कारण लाभुक पत्थरों की जगह ईट से कुप का निर्माण कर रहे है। लाभुकों ने बताया कि समय से कुआं निर्माण नही होने के कारण बरसात के पानी से कुआं ढह जायेंगे। जिससे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## मजदूरों को महिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं

मनरेगा से जुड़े कइ दर्जणों मजदूर कार्य बंद कर दुसरे कार्य में जुट गये है। प्रखंड क्षेत्र में 15128 मनरेगा मजदूर है। जिसमें 5904 एक्टीव मजदूर ही कार्य से जुड़े है।विकास योजनाओं में की गई मजदूरी प्रत्येक सप्ताह मजदूरों के बैंक एकाउंट में भेजे जाने का प्रवधान है। मजदूरों द्वारा लगातार मजदूरी करने के बावजूद उन्हें लगभग दो माह से मजदूरी भुगतान नहीं की गई है।

***मनरेगा कर्मचारियों के हड़ताल से विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित: बीडीओ***

बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग ने स्वीकार किया है कि मनरेगा के संबंधित कर्मचारियों के अनिश्चित हड़ताल से विकास योजनाऐं बुरी तरह प्रभावित हो गया है। मनरेगा के सभी योजना के कार्य बंद हो गये हैं।

## कृषि प्रसार शिक्षा क्षेत्र में देसी जुगाड़ तकनीक की नयी पहल के लिए 'मास' को मिला सम्मान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कृषि विकास के क्षेत्र में मोबाइल ऐग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेस (मास) पिछले 18 वर्षों से लगातार अपना योगदान दे रहा है। इन 18 वर्षों में 'मास' ने झारखंड के कोने-कोने में अपनी पहुंच बनाकर लगभग 3250 गांवों में किसानों को खेती से संबंधित अभिनव तकनीक की जानकारी देने का कार्य किया है। 'मास' भारत में पहली बार चलंत कृषि शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र का साक्षी बना था और इसकी शुरूआत झारखंड से ही हुई थी। इस घूमते फिरते प्रशिक्षण केंद्र ने झारखंड के कोने-कोने में खेती कर रहे किसानों को ऑडियो, वीडियो एवं फिल्मों के माध्यम से खेतों में खड़ी फसलों का उचित समाधान सहित अन्य उन्नत तकनीक से रूबरू कराने का कार्य शिद्दत से किया है। 'मास' के इस व्यवहारिक प्रशिक्षण दृष्टिकोण ने कृषि प्रसार और शिक्षण क्षेत्र को नया आयाम दिया। आज झारखंड ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न प्रदेशों के छात्र- छात्राएं और किसान 'मास' की इस नई तकनीक का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। कम से कम समय में किसानों के बीच जाकर और सीधा संवाद स्थापित कर किसानों की स्थिति को बिल्कुल नजदीक से देखने और समझने का कार्य किया। वहीं इसके अनुकूल प्रशिक्षण पद्धति और विषयों को संप्रेषित करने का कार्य भी प्रभावशाली ढंग से किया गया। मालूम हो कि कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मास को अनेकों सम्मान मिले हैं। लेकिन बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर द्वारा मास एवं इसके अन्वेषक विजय भरत को दिया गया सम्मान कई मायनों में खास है। विजय भरत को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर ने कृषि खाद्य प्रणालियों के परिवर्तन हेतु जमीनी स्तर पर नवाचार और नवप्रवर्तन के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मोबाइल ऐग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेस को कृषि प्रसार शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी पहल के लिए सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया गया है। ज्ञात हो कि बिहार सरकार ने भी मास की तर्ज पर चलता-फिरता कृषि ज्ञान वाहन चलाने का कार्य शूरू कर दिया है।

## गणेश पूजा पंडाल निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम तेतरी टोली स्थित हंसराज वाधवा मैदान में बुधवार को श्री कृष्ण क्लब गणेश पूजा समिति के तत्वाधाान में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन पंडित सुमित मिश्रा ने विधिवत सभी उच्चरणों से संपन्न कराया। क्लब के अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया सिंह ने बताया कि इस नौ दिवसीय (7 से 16 सितंबर) तक के कार्यक्रम में हंसराज वाधवा मैदान में मेले का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल में गंगा आरती का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्ब के सदस्य विनोद, सूरज, सागर, रिशु, रवि, आशीष, मोनू, आशीष लगे हुए है।

## सरकार छात्रों के भविष्य के साथ कर रही खिलवाड़ : सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार मंईयां सम्मान योजना में महिलाओं को परेशान करने के बाद अब झारखंड के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। कहा है कि छात्र जन सेवा केंद्रों में घंटों समय बर्बाद कर वेबसाइट खुलने का इंतजार करने के बाद मायूस होकर घर लौट रहे है। लेकिन वेबसाइट नहीं खुल रहा है। यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने छात्र हित में झारखंड सरकार से मांग किया है कि आठ वर्षों के बाद होने वाले इस जेटेट परीक्षा को सफल बनाने के लिए पुनः फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाते हुए वेबसाइट को दुरूस्त कराते हुए



सन्नी टोप्पो की फाइल फोटो।

सर्वर को सरल और नवीनतम रूप प्रदान किया जाय, ताकि छात्रों को फॉर्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

## झारखंड में सत्ता परिवर्तन के साक्षी बने युवा : प्रभुदयाल

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड की गठबंधन सरकार के वादा खिलाफी व भ्रष्टाचार के विरुद्ध 23 अगस्त को आक्रोश रैली कार्यक्रम को लेकर बुधवार को नामकुम सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र में मंडल भाजपा अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में बैठक हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में रांची जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से सभी झारखंडी त्रस्त है। पूरे राज्य में लूट, भष्टाचार, हत्या, बलात्कार से लोग जूझ रहे है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के आदिवासियों के साथ भी न्याय नहीं हो रहा है। पिछले चुनाव से सत्तारूढ़ पार्टियों ने ने बड़े-बड़े वादे किए थे। जो झूठा साबित हुआ है। वहीं, मंडल



अध्यक्ष अशोक मुंडा ने कार्यकर्ताओं से 23 अगस्त को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रांची पहुंच कर रैली में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन गोरखनाथ सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सोहराई पाहन ने किया। बैठक में जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मीडिया प्रभारी रितेश उरांव, मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय, प्रभाष झा, अनिरुद्ध पांडेय, दिलीप साहू, रमेश लकड़ा, सोहराई पाहन, तुलसी गोप, अशोक नायक, विकास सिंह, रवि सागर, सुबोध सिंह टनटन, सुदीप खलखो आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## 23 अगस्त को आक्रोश रैली को लेकर भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** युवाओं के हक और रोजगार की मांग को लेकर 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित होने वाली बाजयुमो की आक्रोश रैली की तैयारी के तहत भाजयुमो के अध्यक्ष धनंजय महतो और दिलीप मेहता के नेतृत्व में बुधवार को ओरमांझी के शास्त्री चौक पर मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस शास्त्री चौक से निकल कर चकला होते हुए पुनः शास्त्री चौक पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। मशाल जुलूस में रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय कुमार धीरज महतो, वरिष्ठ नेता अमरनाथ चौधरी, वरिष्ट नेता मानकी राजेंद्र शाही, महामंत्री नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री अनुपमा देवी, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, महामंत्री अलख नाथ महतो, राजधाम साहू, अरविंद कुमार बबलू, राजकिशोर साहू, ग्रामीण जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, आकाश महतो राजेश गुप्ता, कैलाश पाहन, चंद्र मोहन महतो, मोती महतो, पतरस करमाली, नंदलाल महतो, रूपेश प्रजापति, विक्रांत तिवारी,रोहन वर्मन, अरुण मण्डल, ओमप्रकाश साहू, रोहित साहू, सिकंदर महतो, संदीप उरांव प्रवेश भोगता, रामकुमार पाहन, राम किनकर पहन, युवा मोर्चा अध्यक्ष धनजय महतो,गणेश महतो, आनंद मेहता, कामेश्वर महतो, जयप्रकाश महतो, भूपेश कुमार, लक्ष्मण महतो, आनंद नायक ,चमरू प्रजापति,अमित कुमार कुशवाहा आदि शामिल थे।

## आक्रोश महारैली को लेकर भाजपा का मशाल जुलूस




**कांके (आजाद सिपाही)।** भाजपा कांके मंडल की ओर से 23 अगस्त को रांची के मोराबादी में आयोजित होने वाली आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर कांके मंडल अध्यक्ष प्रभात भूषण के नेतृत्व में बुधवार को कांके चौक पर मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों को अधिक से अधिक संख्या में रांची चलने की अपील की गयी। जुलूस में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह ग्रामीण महामंत्री पूर्व जिप सदस्य अनिल टाईगर, गिरजाशंकर पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह मुखिया राम लखन मुंडा, मुकेश यादव, कांके पक्षिम के मुखिया सुमित सुरीन, लक्ष्मण साहू, शिव कुमार, कमलेश राम, दीपक कुमार, अनिल कुमार, विजय मुंडा, पवन महतो, शत्रुघ्न साहू, संजय साहू, नील कंठ सहदेव, सुमित सिंह, मनोज वर्मा, संदीप यादव, तरुण वर्मा, नितेश यादव, अनीश गुप्ता, गौतम सिन्हा, प्रदीप ठाकुर, पुरुषोत्तम दास गोस्वामी, शानू कुमार, सूचित सिंह, दीप नारायण महतो, पंकज कुमार, तुलसी महतो आदि शामिल थे।

## जेटेट फॉर्म वाला वेबसाइट नहीं खुलने से छात्र परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा जे टेट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस चालू है। बुधवार को आवेदन करने की अंतिम तारीख है, लेकिन अभ्यर्थियों के सामने एक समस्या खड़ी हो गई है। शिकायत आ रही है कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का वेबासाइट ही नहीं खुल रहा है. ऐसे में छात्र परेशान हैं। उनका कहना है कि आखिरी तारीख आज है और वेबसाइट पर आवेदन शुल्क जमा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वह किस प्रकार आवेदन कर सकेंगे। पिछले 15 दिनों से अलग-अलग केंद्रों में सुबह-शाम जाकर परेशान हो रहे है। लेकिन साइड ही नहीं खुल रहा है। इनका कहना है कि झारखंड में आठ वर्षों बाद जेटेट भरने का मौका भी धोखा साबित हो रहा है। बताया जा रहा है कि जेटेट फॉर्म भरने वाला वेबसाइट छात्रों को परेशानी में डाल दिया है। अगर किसी तरह वेबसाइट खुल भी जाती है तो पंजीयन होने से लेकर फोटो, हस्ताक्षर और पेमेंट मोड में दिक्कतें आ रही है। वहीं वेबासाइट का सर्वर अपनी मर्जी से आता-जाता दिखता है। शिक्षित बेरोजगार छात्रों को वेबासाइट ने परेशान कर दिया है। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के स्कूलों में शिक्षण की नौकरी चाहने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है।

## अनगड़ा के नये थाना प्रभारी ने पदभार संभाला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा थाना के नए थाना प्रभारी के रुप में हीरालाल शाह ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। निर्वतमान थानेदार चमरा मिंज का तबादला खूंटी ज़िला में कर दिया गया है। उन्होंने नए थानेदार को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। वहीं, पदभार ग्रहण के बाद थाना प्रभारी हीरालाल शाह ने कहा कि क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने आमजनों से भी सहयोग की अपील की। मौके पर थाने के एएसआई रविशंकर सिंह, उत्तम पासवान आदि मौजूद थे।

## रातू में बंद समर्थकों ने टायर जलाकर किया एनएच 75 जाम



**रातू (आजाद सिपाही)।** एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दल, व सामाजिक संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया। जिसके समर्थन में रातू के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सड़क में उतर कर विरोध प्रदर्शन किया गया। बंद समर्थकों ने टायर जलाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। दलादिली चौक व काठीटांड में सैकड़ो की संख्या में माकपा कार्यकर्ताओ ने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, झामुमो, कांग्रेस के अलावा आदिवासी छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बांस-बली की बैरीकेटिंग लगाकर वाहनो को रोक दिया। बंदी को सामाजिक व मुस्लिम संगठनों ने भी समर्थन दिया। आदिवासी संगठन के लोग हाथ में सरना झंडा लेकर निकले व दुकानों-प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया। शाम 5 बजे तक दुकान पूरी तरह से बंद रहे। बंद समर्थकों ने 5 बजे के बाद अवरुद्ध मार्ग को हटा दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन जगह- जगह जाकर जाम हटाने में व्यस्त दिखे।

# बेड़ो, लापुंग, इटकी, ओरमांझी और लापुंग में मिलाजुला, तो नगड़ी में भारत बंद असरदार

## बंद को सफल बनाने के लिए सुबह से ही सड़कों पर उतरे थे समर्थक, कुछ जगहों पर किया बल प्रयोग











आजाद सिपाही टीम

**बेड़ो/ओरमांझी/इटकी/लापुंग/नगड़ी।** एससी-एसटी आरक्षण में क्रिमी लेयर लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रतिवाद में बुधवार को आहूत भारत बंद का अधिकांश जगहों पर मिश्रित, तो कुछ जगहों पर व्यापक असर देखने को मिला। इसी क्रम में बेड़ो में बंद का मिलाजुला असर दिखा। बंद समर्थक सुबह से ही सड़क पर उतर गये थे। हालांकि भारत बंद को देखते हुए बेड़ो में दुकान, प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे। हालांकि बैंक खुले रहे, लेकिन ग्राहकों की संख्या नग्णय रही। वहीं रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर यात्री बस व मालवाहक वाहन नहीं चले। जबकि चार पहिये, दो पहिये व ऑटो चले। वहीं, लंबी दूरी की यात्री वाहन नहीं चलने से यात्रियो को परेशानी हुई। इधर, बंद को देखते अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उधर, इटकी में भी भारत बंद का मिलाजुला असर दिखा। पूरे प्रखंड में कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। आम दिनों की तरह दुकानें सरकारी प्रतिष्ठान और सब्जी मंडी खुले रहे। लोग बाजार में खरीदारी भी करते देखे गये। बंद को लेकर इटकी के सड़कों पर यात्री वाहनों का आवागमण कम रहा। जिससे प्रखण्ड मुख्यालय, बीआरसी, यक्ष्मा आरोग्यशाला सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति काफी कम रही।

### ओरमांझी के शास्त्री चौक में चक्का जाम

झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी सह झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव के नेतृत्व में बुधवार को बंद के समर्थन में ओरमांझी के शास्त्री चौक पर कई घंटों चक्का जाम कर प्रदर्शन किया गया। बंद समर्थकों ने सुप्रीम कोर्ट से निर्णय को वापस लेने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस और झामुमो नेताओं ने केंद्र सराकर पर एससी-एसटी समाज का अपमान करने का आरोप लगाया। इस मौके पर तुलसी खरवार, नागेश्वर महतो, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, शिवप्रसाद साहू, सुरेश प्रसाद साहू, कुदुस अंसारी, नरेश यादव, रमेश चंद्र उरांव, अशोक मुंडा, देवेंद्र पहान, तोहिद आलम, परमेश्वर भोक्ता, बाबूलाल महली, जितेंद्र करमाली, घनेनाथ करमाली, सुरेश मुंडा, करमू पहान, जय नारायण मानकी, सूरज उरांव, अविनाश उरांव, दीपक मुंडा, भगत उरांव आदि थे।

### लापुंग में सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

भीम सेना/भीम आर्मी की ओर से एससी-एसटी आरक्षण में क्रिमी लेयर लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ आहूत बंद का मिलाजुला असर रहा। लापुंग प्रखंड मुख्यालय के चौक-चौराहों में दुकानें व व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुली रहे। हालांकि लंबी दूरी के यात्री बस व अन्य वाहनों का परिचालन नहीं हुआ। पर हाट बाजार खुले रहे। लापुंग सहित ककरिया, दोलैचा, लालगंज, फतेहपुर दानेकेरा, महुंगाव में भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे। इस दौरान झामुमो, कांग्रेस, भीम आर्मी और भीम सेना के कार्यकर्ता बंद कराने सड़क पर नहीं उतरे। पर सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। यात्री बसों के परिचालन नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। प्रखंड मुख्यालय खुले तो थे पर सन्नाटा छाया रहा। एसबीआइ और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक खुले रहे। कुछ सामान्य कामकाज भी हुआ। बंद को लेकर लोगों में सुबह से शाम तक उहापोह स्थिति बनी रही। सरकारी स्कूल खुले रहे। ककरिया में कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद थे। जबकि अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे।

### नामकुम में दिखा मिला-जुला असर

नामकुम में भारत बंद का मिलाजुला असर देखा गया। बंद को सफल बनाने के लिए कई संगठन सड़कों पर उतर कर बंद करने की अपील करते दिखे। टाटा रोड रामपुर में हहाप मुखिया नन्हे कच्छप के नेतृत्व में आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति रांची और नामकुम स्टेशन के समीप पुरुलिया रोड में झारखंड प्रदेश भीम सेना नामकुम के सदस्य बंद कराने के लिए सुबह से ही सड़कों पर दिखे। हालांकि किसी तरह की अनहोनी ना हो इसके लिए पुलिस के जवान भी बड़ी संख्या में सड़कों पर तैनात दिखे। मौके पर जिप सदस्य विपिन टोप्पो, प्रकाश लकडा, प्रदीप तिर्की, खुदिया कच्छप, विनोद लोहरा, चामू बेक, लक्ष्मण लकड़ा, उत्तम गोप, सोमरा स्वांशी, सुकरा मुंडा, विवेक मुंडा, बसंत मुंडा, मादी टोप्पो, मदन तिग्गा, राम टोप्पो, थियोफिल सांगा, समीर तिर्की, जयराम तिर्की, अनिल लकड़ा, सुरेश महतो आदि थे।

### नगड़ी में बंद असरदार

भारत बंद को लेकर नगड़ी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक असर दिखा। सुबह नौ बजते ही बंद समर्थक झामुमो नगरी प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और दुकानों को बंद करने की अपील की। इसके बाद सड़क जाम कर दिया। जिससे रांची-गुमला मार्ग 23 के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप, स्कूल - कॉलेज दवा दुकान सहित जरूरी वस्तुओं की दुकान खुली रही। झामुमो व अन्य पार्टियोंके कार्यकर्ताओं ने बांस-बल्ली लेकर सड़क जाम किया। वहीं, झामुमो नगड़ी प्रखंड समिति के अध्यक्ष विनोद तिर्की के नेतृत्व में चेक नाका रांची-गुमला एनएच पर सुबह 7.30 बजे से 11 बजे तक सभी वाहनों का आवागमन ठप कर दिया गया। प्रदर्शनकारी नेताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुवाया है, जिसे वापस लेना होगा। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, महिला उपाध्यक्ष रांची किसान मोर्चा दानियल एक्का, राखी देवी, धुचू तिर्की, सुरेश महतो, स्टेपन तिर्की, रोहित उरांव, बांदे उरांव, अशोक ठाकुर, खादी उरांव, सोहराई उरांव, बरून महतो, सूरज भगत, सोमारी उरांव, विकास तिर्की, रेयाजुल अंसारी, पुरूषोत्तम सिंह और सुनील कच्छप आदि थे।

## पांकी विधायक ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को दिया उपहार

# झारखंड में इस बार भाजपा की सरकार बननी तय: शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बुधवार को नीलांबर पितांबरपुर (लेस्लीगंज) स्थित मौर्या फार्म हाउस में आंगनबाड़ी सेविका और सहायकों को उपहार भेंट किया। विधायक ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने महिलाओं के साथ छल किया है। सरकार के सौतेला व्यवहार के कारण महिलाओं को अधिकार नहीं मिल सका है। इस सरकार में झारखंड की महिलाएं खुद को अपेक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और सहिया साथी को स्थाई करने और मानदेय में बढ़ोतरी की जाएगी। दावा किया कि इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बननी तय है। भाजपा इस बार राज्य में 55 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी और बहुमत से सरकार बनाएगी। भाजपा ने संविदा कर्मियों को स्थाई करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा रखी है। सरकार बनते ही इस पर अमल किया जाएगा। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक द्वारा महिलाओं को ठगा गया। आज तक पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं के प्रति कोई कार्य नहीं किया। जब मैं विधायक बना और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का कार्य शुरू किया तो विरोधियों के पेट में दर्द होना शुरू हो गया है। लेकिन पांकी की जनता पूर्व विधायक के काले कारनामे से अवगत हैं, उनके झांसे में यहां की जनता पड़ने वाले नहीं है। पांकी की जनता इस बार भी भाजपा को ही वोट देगी।

विधायक ने कहा कि उनके विधायक बनने के बाद दो साल कोरोना का दंश झेलना पड़ा। तीन साल काम करने का मौका मिला। तीन साल में पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची गई। क्षेत्र में विकास भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए जनता से एक बार फिर समर्थन मांगा है। मौके पर बच्चन ठाकुर, दिलीप चौधरी, अजय पासवान, निर्मल मेहता, मंदीप मेहता, महेंद्र कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विश्रामपुर व हुसैनाबाद में बंद का मिलाजुला असर

## जबरन दुकान बंद कराने के दौरान कई दुकानदारों से बंद समर्थकों की झड़प





आजाद सिपाही टीम

**विश्रामपुर/पलामू/हुसैनाबाद।** अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण में कृमि लेयर (उप वर्गीकरण) बनाने के विरोध में आहूत 'भारत बंद' का हुसैनाबाद में मिला जुला असर दिखा। शहर की अधिकांश दुकाने बंद, तो कुछ खुली थी। सड़को पर छोटे-बड़े वाहन का परिचालन कम रहा। हुसैनाबाद में झामुमो, राजद व बसपा कार्यकर्ता बंद के समर्थन में मुख्य बाजार में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किये। वहीं, बंद को सफल बनाने में झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ एजाज आलम, नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, राज अली, नेहाल असगर, डब्ली भाई, दानिश ईद्रिश, मदन पासवान, पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, रामेश्वर राम, व्यापार मंडल अध्यक्ष सह रजक समाज के नेता कृष्णा बैठा, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, भरत पासवान, विनय पासवान, शशीकांत रंजन और बहुजन पार्टी के वीरेंद्र राम आदि शामिल रहे। दूसरी ओर, आंदोलन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा घोषित देशव्यापी भारत बंद का विश्रामपुर प्रखंड में व्यापक असर दिखा। बंद समर्थकों ने बी मोड़ के पास गढ़वा-पड़वा मुख्य पथ एनएच 75 को तीन घंटों तक जाम रखा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवश्यक सेवाओं को भी बाधित किया। बंद समर्थकों ने जबरदस्ती दुकानें बंद कराया। इस दौरान कई दुकानदारों से उनकी झड़प भी हुई। बंदी के चलते गाड़ियों का परिचालन भी ठप रहा। हालांकि सरकारी दफ्तर आम दिनों की तरह खुले रहे। बीमोड़ पर सड़क जाम के दौरान सभा भी आयोजित हुई। सभा को पूर्व सांसद घुरन राम, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, जिला पार्षद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम, राहुल राज, सुरेंद्र भारती, हरिलाल कुमार रवि, सोना देवी, किशोर कुमार, सूरजमल राम, उपेंद्र कुमार रवि, वीरेंद्र राम, नरेंद्र राम गुड्डू आदि ने संबोधित किया। इससे पहले मंगलवार को देर शाम बंद समर्थकों द्वारा बसपा नेता गोपाल राम के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला था।

### बंद के समर्थन मे उतरे मुमताज खान



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जाति और जनजाति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में कई संगठनों ने भारत बंद का समर्थन किया। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान ने मेदिनीनगर सहित पांकी विस के लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी में कार्यकर्ताओं के साथ दुकानदारों से दुकानें बंद रखने की अपील किया। चरपहिया वाहन सड़क पर नहीं दिखे। इस अवसर पर मुमताज खान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के क्रीमीलेयर वाले निर्णय का विरोध करते है। इस कारण आज पूरे देश में बंद बुलायी गयी है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट फैसले का पुनर्विचार करें।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू में

## आयुक्त व डीसी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**चियांकी हवाई अड्डा परिसर में होगा कार्यक्रम, तैयारी पूरी, उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सौंपा जिम्मेवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम गुरुवार को होगा। पलामू के चियांकी हवाई अड्डा परिसर में दोपहर एक बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगें। उनके साथ श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और उद्योग विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला-बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन-सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह आदि शामिल होंगीं। कार्यक्रम में पलामू एवं चतरा सांसद के अलावा प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिलों यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है। बताते चलें कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर चियांकी हवाई अड्डा परिसर में व्यापक तैयारी की गई है। विधि व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, डीआईजी वाईएस रमेश, डीसी शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल चियांकी हवाई अड्डा परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसी ने समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिम्मेवारियां तय की। कहा कि कार्यक्रम की तैयारी में कोई कमी नहीं रहने दें। उन्होंने जिम्मेवारियां तय करते हुए तैयारी के प्रत्येक बिंदुओं पर बारीकी से समीक्षा की और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की हर बहनों को खुशियों का उपहार के रूप में 12 हजार रुपए दिया जा रहा है। इससे पलामू ही नहीं राज्य की महिलाओं में खुशी का माहौल है।

## अरविंद सिंह अध्यक्ष व पलामू सांसद सहित सात बने संरक्षक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उंटारीरोड प्रखंड स्थित प्रसिद्ध शिव संपत धाम मंदिर परिसर में प्रस्तावित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंदिर निर्माण के प्रणेता अरविंद सिंह ने की। बैठक में महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से जिला पार्षद अरविंद सिंह को महायज्ञ अध्यक्ष चुना गया। वहीं, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, रांची के विधायक सीपी सिंह, मझिआंव स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी श्री 1008 केशव नारायण दास और पाण्डू प्रखंड के ढाचाबार गांव में स्थित वेणुगोपाल मंदिर के पुजारी विष्णु चित स्वामी जी महाराज को संरक्षक मनोनित किया गया।

# भारत बंद का हरिहरगंज व पीपरा में रहा व्यापक असर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** एससी/एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण एवं कृमिलेयर लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आहूत भारत बंद का बुधवार को हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड में व्यापक असर रहा। दवा दुकान, अस्पताल एवं आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार व निजी स्कूल पूरी तरह से बंद रहे। एनएच 139 पर वाहनों का परिचालन बंद रहा। शहर के मुख्य चौक चौराहों पर भारी पुलिस बल की तैनाती रही। बंद के समर्थन में बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और आजसू के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुर्नविचार करने की मांग की। इस दौरान कई चौक चराहो पर नुक्कड़ सभा भी किया गया। जहां केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन की मिली भगत से सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एससी/एसटी के आरक्षण पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। कहा कि एससी/एसटी समाज के लोगों को बांटने की कोशिश हो रही है। वहीं, राजद नेता कमलेश यादव ने अध्यादेश और विषेश पार्लियामेंट में सत्र लाकर आदेश को निष्प्रभावी बनाकर एससी/एसटी आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इं. संजय यादव ने कहा कि एससी/एसटी/ओबीसी में कृमिलेयर के प्रस्ताव को वापिस नहीं लिया गया तो क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे। मौके पर बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, जितेंद्र कुमार रवि, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, सुशील कुमार रवि, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, अरविंद पासवान, एनसीपी नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार पासवान, डॉ संजय कुमार, आनंद यदुवंशी, संजय मेहता, रामवृक्ष मस्ताना, रविंद्र पासवान, राजेश्वर राम, रमन राम आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, दोपहर बाद बंद समर्थकों ने राष्ट्रपति के नाम हरिहरगंज के सीओ मनीष सिन्हा को ज्ञापन सौपा। इस दौरान छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार बल के साथ मुस्तैद रहें।

## मदन पासवान बने राजद के प्रदेश महासचिव, रिजवान अहमद सचिव

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राजद के वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जबकि हैदरनगर के करीमनडीह गांव निवासी राजद नेता रिजवान अहमद खान को प्रदेश सचिव बनाया गया है। मनोनयन पत्र मिलने के बाद राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के प्रति संकल्प व निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेवारी दी गयी है। इनके मनोनयन से पार्टी व संगठन को और मजबूती मिलेगी। वहीं, नवनियुक्त पदाधिकारियों को राजद नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया। जबकि पदाधिकारियों ने सांगठनिक मजबूती पर बल दिया। कहा कि जो जिम्मेदारी दी गयी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, वरीय नेता कलामुदिन खान, बिनय सिंह यादव, रामप्रवेश राम, महेंद्र यादव, मो खुर्शीद, कामख्या नारायण सिंह, सुदेश्वर राम, भरत पासवान, लल्लू पासवान और सत्यनारायण यादव आदि ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# पलामू भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के खिलाफ 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित भाजयुमो के युवा आक्रोश रैली की पूर्व संध्या पर बुधवार को पलामू भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी की अगुवाई में मशाल जुलूस निकाला गया। उन्होंने कहा कि पांच सालों में राज्य की गठबंधन सरकार ने जनता से छलावा ही तिया है। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, लूट खसोट ट्रांसफर पोस्टिंग के अलावा विकास के लिए विशेष कुछ नहीं हुआ। राज्य में न आदिवासी सुरक्षित हैं ना महिलाएं। कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती चली जा रही है। आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। इसी आक्रोश को प्रदर्शन करने के लिए 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में युवाओं की रैली होगी।मौके पर प्रथम महापौर अरुण शंकर, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, प्रभात भुईया, सरवन गुप्ता, अजय तिवारी, शिवकुमार मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडे, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, प्रदीप सिन्हा, विजय ठाकुर,ज्योति पांडे, आशीष भारद्वाज, राजहंस अग्रवाल, अभिमन्यु तिवारी, विपुल गुप्ता, रोहित शर्मा, छोटू सिन्हा, रीना किशोर, अनीश मनी, अनिल कुमार, अजय सिंह, ओमप्रकाश पप्पू आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**

पत्रांक : .................... दिनांक : ....................

**आम सूचना**

नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत द्वारा आमंत्रित **(Expression of Interest) EoI - 03/2023-24 (2nd Call), P.R. No. 331047** (Establishment of minimum 40-50 pic pad per minutes Capacity Affordable Sanitary pad manufacturing unit/Plant) में किसी भी प्रतिभागी के द्वारा भाग नहीं लेने के कारण उक्त (Expression of Interest) EoI को रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.333356 Urban Development(24-25):D

# स्पोर्ट्स



नवंबर महीने में शुरू होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को आस्ट्रेलियाई रेज गेंदबाज मिशल स्टार्क हर हाल में जीतना चाह रहे हैं।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हमारे लिए एशेज जितनी अहम : स्टार्क

## कहा- घर में हर टेस्ट जीतना चाहते हैं, उम्मीद है 8 जनवरी को ट्रॉफी हमारे हाथ में होगी

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पिछले तीन दशक में पहली बार 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जिससे यह सीरीज उनकी टीम के लिए एशेज के बराबर अहम हो गई है। 1991-92 के बाद पहली बार इस सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया की यह सीरीज नवंबर महीने में शुरू होगी। 34 साल के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि 'हम अपनी घरेलू धरती पर प्रत्येक मैच में जीत हासिल करना चाहते हैं।हम यह भी जानते हैं कि भारत की टीम काफी मजबूत है।' स्टार्क न केवल यह सीरीज जीतने का इरादा रखते हैं, बल्कि वे चाहते हैं कि उनकी टीम क्लीन स्वीप करे, विशेष कर तब, जबकि यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए बेकरार हैं। स्टार्क से पहले स्टीव स्मिथ, टीम के मौजूदा कप्तान पैट कमिंस, स्पिनर नाथन लायन और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड सीरीज को लेकर बयान दे चुके हैं। सभी का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया 10 साल में पहली बार भारत को टेस्ट सीरीज हरा देगी।



मिशेल स्टार्क की फाइल फोटो।

### पिछले 10 साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाया है ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाया है, जबकि भारत ने इस बीच लगातार चार सीरीज जीती हैं। भारत ने इस दौरान दो बार 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी पहले, जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है।**

### तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट खेलेंगे स्टार्क

स्टार्क अगले महीने सीमित ओवरों की सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएंगे। फिर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिए न्यू साउथ वेल्स से घरेलू क्रिकेट में खेलेंगे। स्टार्क 100 टेस्ट मैच खेलने से केवल 11 मैच दूर हैं।

## डेढ़ लाख नकद सहित लाखों की संपति चोरी

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर थाना अंतर्गत पिपरा गांव निवासी राजेंद्र सिंह के घर में मंगलवार की रात चोरी हो गई। चोरों ने घर का ताला तोड़कर डेढ़ लाख नकद सहित लाखों रुपए का सामान चुरा ले गए। इस संबंध में गृहस्वामी के पुत्र सतीश सिंह ने थाना में मामला दर्ज कराया है।**

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा

पत्रांक : .................... दिनांक : ....................

**आम सूचना**

नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत द्वारा आमंत्रित **(Expression of Interest) EoI - 02/2023-24 (3rd Call), P.R. No. 331045** (Establishment of 100 kg per day Capacity Waste paper/waste cloths Recycling plant and production of value added products from recycled paper/old,used, torn, Damaged clothes) में किसी भी प्रतिभागी के द्वारा भाग नहीं लेने के कारण उक्त (Expression of Interest) EoI को रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 333354 Urban Development(24-25)D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला नजारत)**

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना) **(Very Short term Tender Notice)**

विशिष्ट माननीयों के लोहरदगा में आगमन के अवसर पर इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थान/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्रतिनिधि आदि से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक **30.08.2024** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक आमन्त्रित की जाती है।

"अति अल्पकालीन निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद अति अल्पकालीन निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **30.08.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय क्रय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय **(Confusion)** निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर **9471163670** पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 333328 (Lohardaga)24-25*D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
11

### बंद को सफल बनाने के लिए सुबह ही सड़क पर उतरे समर्थक, लकड़ी फेंक किया सड़क जाम

# 'भारत बंद' का धनबाद-बोकारो में मिलाजुला, तो बेरमो में दिखा व्यापक असर, स्कूल व बाजार बंद

**हंगामे के मद्देनजर अधिकांश जगहों पर स्वेच्छा से बंद रहे, स्कूल, कॉलेज व बाजार**

आजाद सिपाही टीम








एससी-एसटी के आरक्षण में कृमि लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आहूत भारत बंद के दौरान, धनबाद, झरिया, बोकारो व बेरमो क्षेत्रों में प्रदर्शन करते विभिन्न दलों व संगठनो के बंद समर्थक।

**धनबाद/झरिया/बोकारो/बेरमो/फुसरो।** अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण में कृमि लेयर (उप वर्गीकरण) बनाने के विरोध में आहूत 'भारत बंद' का बुधवार को धनबाद-बोकारो कोलयांचल में मिलाजुला, तो बेरमो कोयलांचल में व्यापक असर देखने को मिला। आरक्षण बचाव संघर्ष समिति और बसपा ने आह्वान पर आहूत भारत बंद को झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस और झामुमो ने समर्थन किया है। वहीं, रामविलास की लोक जनशक्ति पार्टी भी बंद का समर्थन कर रही है। झरिया में भीम आर्मी कार्यकर्ता सुबह से ही बंद के समर्थन में सड़क पर उतर कर उसे सफल बनाने में जुट गए। जगह-जगह सड़क जाम किया। झरिया, बस्ताकोला गौशाला मोड़ के समीप सड़क पर बांस लगाकर तो कहीं टायर जलाकर कर सड़क अवरूद्ध कर दिया। दुकानों को जबरन बंद करवा दिया गया। जो वाहन चल रहे है उसे बंद कराने का प्रयास किया गया। हालांकि जिलाप्रशासन की सतर्कता के चलते बंद पूरी तरह सफल नहीं हो सका। उधर, झरिया बस्ताकोला में बंद समर्थक सड़क पर ही धरने पर बैठ कर सड़क को करीब चार घंटे तक जाम रखा। जिन्हें अधिकारियों से समजा बुझा कर हटाया। सभी को थाने ले जाया गया, जहां से रिहा कर दिया गया। वहीं, ऐतिहात के तौर पर झरिया में अधिकतर निजी स्कूलों को बंद कर दिया गया। बस का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा। अन्य वाहन भी सड़क पर काफी कम चलीं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, झरिया सीओ आदि जगह-जगह सक्रिय दिखे।

## भारत बंद सफल रहा : कार्तिक हाड़ी

उधर, एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बुलाये गए भारत बंद का हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने भी अपना समर्थन दिया। संगठन ने बंद को पूर्णतः सफल बताया। दावा किया कि धनबाद में भी भारत बंद का व्यापक असर रहा। आम दिनों की तुलना में सड़कों पर इक्के दुक्के वाहन ही चले। व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकाने बंद रखी। स्कूल कॉलेज भी बंद रहे। कहा कि सुप्रीम कोर्ट की आड़ में भाजपा-एनडीए एससी-एसटी के आरक्षण को खत्म करने के लिए कोटे पर कोटा यानी आरक्षण में उप-वर्गीकरण करने व इसमें क्रीमी लेयर लगाने का फैसला दलित समाज को बांटने व लड़ाने के लिए है। दूसरी ओर, बोकारो जिले में भी भारत बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। बंद के मद्देनजर सभी दुकान-बाजार सार्वजनिक सेवाएं पूरी तरह ठप रही। बोकारो जिला राजद ने भी बंद को समर्थन दिया। राजद जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से अनुसूचित जाति अनुसूचित, जनजाति के संवैधानिक अधिकारों का हनन होगा क्योंकि यह पहले से लागू आरक्षण में विशेष आरक्षण है। बोकारो जिला राजद इस कानून का कड़ा विरोध करता है। वहीं, प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश में विवाद का कारण बन गया है। युवा राजद के प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव ने कहा कि इस कानून से आरक्षण व्यवस्था के मौलिक सिद्धांतों पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। वहीं, बंदी में महानगर अध्यक्ष रामजीत यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष संतोष गिरी, महासचिव अशोक यादव, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष, कुंदन कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राज्य परिषद सदस्य बोढन गोप, मनोज यादव, वीरेंद्र यादव, सच्चिदानंद कुमार, अनुसूचित जाति जनजाति के जिला अध्यक्ष हीरालाल सोरेन, याकूब अली, मोहम्मद असलम आदि मौजूद थे।

## सब्जी बेज रही महिलाओं ने किया हंगामा

उधर, **बेरमो** कोयलांचल में भी भारत बंद का व्यापक असर दिखा। बंद समर्थकों ने झारखंड चौक में धरना देकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। बाइक से घूम-घूम कर दुकानों को बंद करवाया गया। इसी दौरान बोकारो थर्मल मार्केट में सब्जी बेच रही गरीब महिलाओं ने बंद समर्थकों पर जबरन दुकान बंद करवाने एवं बदसलूकी करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। इस संबंध में समता संहिता भीम सेना के झारखंड प्रदेश सचिव चंदन सिंह गौतम ने अपने समर्थकों से कहा कि शांति पूर्वक बंद करवाये। इस दौरान कोई दूसरे दल के बाहरी लोग तोड़फोड़ करते हैं तो उन्हें चिन्हित करें। वहीं, आजाद समाज पार्टी के मंजूर आलम, एससी एसटी जाती अधिकार मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राज कुमार राम, विजय राम, चंदू महतो, सागर तुरी, रंजन महतो, इंदरलाल तुरी, नुनूचंद तुरी, सुरेश राम, गणेश महतो, जगदीश राम, दीपक राम, बबन राम, उमेश राम, मो. जलील, रामप्रसाद राम और कालेश्वर रविदास आदि बी बंद के समर्थन में सक्रिय दिखे।

## फुसरो में बंद का व्यापक असर

अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण में उप वर्गीकरण के फैसले के खिलाफ भारत बंद का असर फुसरो में भी दिखा। कोयला ट्रांसपोर्टिंग, सवारी वाहन सहित परिवहन सेवा ठप रहा। दुकान व बाजार भी बंद रहे। फुसरो में झामुमो, भीम आर्मी, जेकेएएसएस आदि बंद समर्थकों ने भ्रमण कर दुकानों को बंद करवाया। सुबह से ही समिति की ओर से बंद को सफल बनाने के लिए बाइक रैली निकाली गयी। दूसरी ओर, बंद समर्थकों ने निर्मल महतो चौक के मुख्य सड़क पर सभी दलित संगठनों, विभिन्न स्थानों पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन कर नारेबाजी करते दिखे। वहीं, पुराना बीडीओ ऑफिस के पास टायर जलाकर आवागमन बाधित कर दिया। वहीं, फुसरो की सभी दुकानें, बैंक, पोस्ट ऑफिस आदि बंद रहे। दलित संगठनों ने मांग किया कि एससी-एसटी में वर्गीकरण बंद हो, एससी-एसटी के आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डाला जाए, कॉलेजियम सिस्टम बंद हो। साथ ही निजी क्षेत्र और न्यायपालिक में आरक्षण दें। बंद के कारण बस स्टैंड से बस का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा हालांकि, अस्पताल, दवा दुकान व एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं चालू रही।

# भाजपा की आक्रोश रैली के समर्थन में चास में निकला विशाल मशाल जुलूस



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजयुमो के नेतृत्व में 23 अगस्त को रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली के निमित्त जिला अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में बुधवार को चास महावीर चौक से चेक पोस्ट सुभाष चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य के लाखों युवा आक्रोश रैली में शामिल होने वाले हैं। वे झारखंड सरकार की आंखों में आंख डालकर उनके साथ हुए छलावा व वादाखिलाफी पर सवाल करेंगें। वहीं, विधानसभा चुनाव में राज्य की गठबंधन सरकार को सत्ता के बेदखल करने में अहम भूमिका निभायेंगें। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा राज्य के युवा सरकार से परेशान है। यहां कानून व्यवस्था फेल है। बोकारो जिले से 10 हजार से अधिक युवा 23 अगस्त के आक्रोश रैली में शामिल होने रांची पहुंचेंगें। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश परिशिक्षण प्रमुख मुकेश राय, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर माहथा, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, उपाध्यक्ष धीरज झा, रामलाल सोरेन, भाजपा चास उत्तरी मंडल अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, चास दक्षिणी अध्यक्ष विक्की राय, जिला मंत्री माथुर मण्डल आदि मौजूद थे।

**कार्यालय, परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,
(ITDA) सिमडेगा**

**"इच्छा की अभिव्यक्ति" से संबंधित निविदा रद्द करने के संबंध में**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक– 806(ii) दिनांक 18.07.2024 द्वारा आमंत्रित "इच्छा की अभिव्यक्ति" अति अल्पकालीन निविदा **PR No. 330071 Information Technology (24-25)#D** को अपरिहार्य कारणों से रद्द् किया जाता है।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण, (ITDA)
सिमडेगा

PR 333226 Simdega(24-25).D

**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा**
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

**CORRIGENDUM
CANCELLATION OF TENDER**

इस कार्यालय के पत्रांक–897/न0प0, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2024–25, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत शहरी परिवहन/नागरिक सुविधा मद से रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निविदा निकाली गई थी, जिसका PR. No.- 332485 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 333313 Urban Development(24-25)#D

# दलित और आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने में असफल रहा विपक्ष: बप्पी बाउरी

**झरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एससी एसटी क्रिमिलेयर और यूपीएससी के लिटरेल इंट्री पर राजनीति करने में कांग्रेस व झामुमो सहित विपक्षी खेमा पूरी तरह विफल रहा। अब दलित व आदिवासी युवा जान चुके हैं कि कौन पार्टी उनका राजनितिक तौर पर इस्तेमाल कर रही है। यही कारण है कि भारत बंद बेअसर रहा। दलित व आदिवासी युवा के बजाय कांग्रेस व झामुमो के नेता व कार्यकर्ता ही सड़क पर नजर आए। परिवहन व्यवस्था को अस्त व्यस्त करने की मंसा भी पूरी नहीं हो सकी। विपक्षी नेता इसी बहाने अपना चेहरा चमकाना चाहते थे जो फेल साबित हुआ।

## कतरास-बाघमारा में भी बंद का दिखा मिलाजुला असर

**कतरास (आजाद सिपाही)।** एससी-एसटी आरक्षण को वगीर्कृत किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर 21 संगठनो द्वारा बुधवार को आहूत भारत बंद का कतरास व आसपास के इलाकों में मिलाजुला असर दिखा। कतरास के श्यामडीह मोड़, भटमुरना मोड़ बरोरा के नावागढ, हरिणा चौक, डूमरा राजा चौक, बाघमारा के इन्दिरा चौक, लूतिपहाड़ी आदि क्षेत्रों में बंद समर्थक सडकों पर उतर आवागमन बाधित कर दिया। हालांकि तेतुलमारी, जोगता कतरास बाजार आम दिनों की तरह ही खुली रही। यहां बंद का कोई असर नहीं दिखा। दोपहर में ग्रामीण एसपी ने कतरास क्षेत्र का दौरा कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं, बंद समर्थकों ने बाघमारा व बरोरा थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित हरिणा चौक को जाम कर दिया। यहां बंद समर्थक और दुकानदार के बीच मारपीट होने की भी घटना घटित हुई। जिसके बाद पुनः समर्थको ने दूसरी बार सड़क को जाम कर दिया। मौके पर कतरास, महुदा, मधुबन, धमाबांध और भाटडीह पुलिस पहुंची और बंद समर्थको को समझा बुझाकर मामला शांत करवाया।

## वाहन की चपेट में आने से विक्षिप्त की मौत

**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ के समीप मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मानसिक रूप से विक्षिप्त 70 वर्षीय एक वृद्ध की मौत हो गयी। लोगों की मानें तो मृतक अक्सर सड़क किनारे ही घूमते रहता था। उधर खबर पाकर मौके पर पहुंचे झरिया थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीएनएमसीएच भेज दिया है।

## तेतुलमारी नगरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तेतुलमारी नगरी में असर्फी अस्पताल के सीइओ व समाजसेवी हरेंद्र सिंह ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच की व नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। इस दौरान करीब 100 स्थानीय लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। असर्फी अस्पताल के सीईओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे और समय-समय पर जांच कराए।

# सिंदरी-कथारा में बंद का व्यापक असर

**सिंदरी/कथारा (आजाद सिपाही)।** एससी-एसटी और ओबासी समाज के विभिन्न संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण में वर्गीकरण और क्रिमी लेयर पर दिए गए आदेश के विरोध में आहूत भारत बंद को बुधवार को सिंदरी और कथारा में सफल कर दिया. इस दौरान सिंदरी में एसबीआई, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पोस्ट ऑफिस, निजी और सरकारी स्कूल, सिंदरी बाजार, और परिवहन सेवाएं पूरी तरह से बंद रहीं। वहीं, बंद के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता सक्रिय रहे। झामुमो के नगर अध्यक्ष अशोक महतो, महानगर उपाध्यक्ष रामु मंडल, राष्ट्रीय जनता दल के नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, भाकपा (माले) के नेता सुधीर महतो, मासस के नगर सचिव राजीव मुखर्जी, और माकपा सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई। गौतम प्रसाद ने कहा कि उनकी पार्टी बंद का नैतिक समर्थन करती है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कुछ बिंदुओं पर असहमति जताती है। वहीं, कथारा में भी बंद का व्यापक असर रहा। झामुमो, बसपा, कांग्रेस और भीम आर्मी ने संयुक्त रूप से बंद को सफल बनाया। इस दौरान कथारा, बोकारो थर्मल में बाजार बंद रहा। बसें भी पूरी तरह से बंद रही।

# डालसा ने चार अनाथ वृद्धों को दिया नया जीवन

### महीनों से थे एसएनएनएमसीएच में इलाजरत, नही था कोई अपना

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे पर 'अकेले नहीं है आप' योजना के तहत बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर डालसा की टीम ने एसएनएनएमसीएच से चार वृद्ध माला देवी (चितरंजन), रूपा देवी (तेतुलमारी), प्रभू भूईया (तिसरा) और उदय कुमार दिक्षित (चास) को रेस्क्यू कर उन्हें वृद्ध आश्रम में भर्ती कराया। चारों वृद्ध कई माह से एसएनएनएमसीएच में लावारिस वार्ड में इलाजरत थे। जिनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं था। एसएनएनएमसीएच के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर ज्योति रंजन ने इस बाबत डालसा को सूचना दी थी, जिसके बाद डालसा अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने सचिव राकेश रोशन के नेतृत्व में रेस्एक्यू टीम जिसमें एलडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, राजेश सिंह, संध्या देवी शामिल थे को गठित किया। जिसने रेस्क्यू की कार्रवाई की। सबलपुर स्थित लालमणि वृद्ध आश्रम में सभी वृद्धो के बीच न्यायाधीश रोशन, अधिवक्ता मीना सिन्हा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, लालमणि वृद्धा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, डीएवी कुसुंडा के पूर्व प्रिंसिपल एसएस हाजरा ने साड़ी, कपड़ा, चादर और खाने की सामग्रियां वितरित की। इस मौके पर न्यायाधीश ने कहा कि 21 अगस्त को हर साल विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। जिसे मनाने का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों और जरूरतों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्हें एहसास दिलाया जाता है कि वो हम पर बोझ नहीं है। वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। वहीं, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि भारत सरकार ने 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम पारित किया था। इन कानूनों की मदद से बुजुर्ग अपनी मदद खुद कर सकते हैं। कानून के मुताबिक बुजुर्गों के अधिकार अगर बुजुर्गों की देखरेख उनके बच्चे या संबंधी नहीं कर रहे हैं तो वे एसडीएम कोर्ट में शिकायत कर सकते हैं। प्रार्थना पत्र खुद या किसी एनजीओ के जरिए दे सकते हैं। ऐसे मामलों में ट्रिब्यूनल खुद संज्ञान ले सकता है।अंतरिम गुजारा भत्ते की राशि ट्रिब्यूनल 10 हजार रुपए तक तय कर सकता है। भत्ता नहीं देने पर बच्चों को जेल भी हो सकती है।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय– जिला सहकारिता पदाधिकारी लोहरदगा**

**फसल बीमा हेतु आम सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड, राँची (सहकारिता प्रभाग) की अधिसुचना संख्या –916 दिनांक– 14.08.2024 द्वारा झारखण्ड राज्य में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है जिसमें अगहनी धान एवं भदई मकई को बीमा से आच्छादित किया गया है जिसकी अंतिम तिथि– 31.08.2024 तक ही है। फसल का बीमा कराने हेतु निम्न कागजात के साथ अपने क्षेत्र के प्रज्ञा केन्द्र, csc, schedule commercial bank, post office, intermediatries, insurance company (HDFC ergo) एवं योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर ऑनलाइन स्वतः आवेदन farmar login द्वारा बीमा कराया जा सकता है।
बीमा हेतु निम्नलिखित कागजात अपने साथ ले कर जाएः–
(1) किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि – 1/(एक) रूपया/
(2) आधार कार्ड की छाया प्रति।
(3) बैंक पासबुक की छाया प्रति।
(4) स्वः घोषणा पत्र फसल बुआई प्रमाण–पत्र( किसानों द्वारा स्वः अभिप्रति)।
(5) जमीन का मालगुजारी रशीद (नवीनतम)
(6) किसान का मोबाईल नम्बर।
(7) वंशावली।

अतः लोहरदगा जिले के सभी किसानों को सूचित किया जाता है कि अगहनी धान एवं भदई मकई से आच्छादित अपने फसलों का अधिक से अधिक बीमा कराकर अपने फसलों को सुरक्षित करा ले।

जिला सहकारिता पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 333244 (Lohardaga)24-25*D

**कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 44/24–25.**

1. विभाग का नाम – उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 28/08/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 29/08/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 29/08/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोरण्डा रॉची स्थित आवा सं0 9/124, 47/124, राजेन्द्र चौक डोरण्डा के समीप स्थित आवास सं0 B21 एवं हरमू रॉची स्थित आवास सं0 BCD-31 एवं सचिवालय कॉलोनी हिनू स्थित C10/24, C1/18, C2/18 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 7,52,374=00 | 1250=00 | 16,000=00 | 21 दिन |
| 2. | धुर्वा रॉची स्थित आवास सं0 B/1110/2, B/1167/2, B/2003/2, CD/12/2, CD/508/2, CDOHC665 एवं CD/442/3 मे विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 6,09,728=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 21 दिन |
| 3. | राजेन्द्र चौक डोरण्डा के समीप स्थित आवास सं0 B29 एवं सेठ सीता राम स्कूल के समीप स्थित आवास सं0 69/124 B42 एवं इंदिरा पैलसे हिनू रॉची के पीछे स्थित आवास सं0 C8 एवं C20 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,16,177=00 | 1250=00 | 11,000=00 | 21 दिन |
| 4. | हजारीबाग स्थित डी0डी0सी0 आवासीय परिसर मे बगीचा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 4,77,176=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 5. | हजारीबाग स्थित ग्रामीण विकास विभाग, के स्पेशल डिविजन (पुराना एन0आई0सी0 कार्यालय) में विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,25,460=00 | 750=00 | 9,000=00 | 21 दिन |
| 6. | डोरण्डा, रॉची स्थित बंगला सं0 139 में एल0ई0डी टयूब लाईट, सिलिंग पंखा, फल्ड लाईट, गेट लाईट इत्यादि के वार्षिक मरम्मति, बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 3,32,784=00 | 750=00 | 7,000=00 | 21 दिन |
| 7. | रिनपास, कॉके, रॉची में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्रों के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 8,99,636=00 | 1250=00 | 18,000=00 | एक वर्ष |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉची।

PR 333331 (Energy) 24-25 (D)

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# भारतीय हॉकी टीम का भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद भारतीय हॉकी टीम एक विशाल रोड शो में कलिंग स्टेडियम पहुंची। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने यहां पहुंचकर हॉकी टीम से मुलाकात की। भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पहुंचने पर टीम इंडिया का जोरदार स्वागत हुआ। विशाल रोड शो के बाद टीम इंडिया कलिंग स्टेडियम पहुंची।






पेरिस ओलंपिक में चमकने के बाद ओडिशा सरकार ने टीम इंडिया के लिए 4 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की। ओडिशा 2036 तक हॉकी इंडिया का प्रायोजक है। इस सफलता में ओडिशा सरकार का भी योगदान है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को आमंत्रित किया। बुधवार को यहां पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

ओड़िया पुअ अमित रोहिदास ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, वह भारतीय टीम में स्ट्राइकर के तौर पर शामिल हुए हैं। इससे पहले अमित टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा थे। सेमीफाइनल में भारत जर्मनी से हार गया और कांस्य पदक के लिए स्पेन के खिलाफ मैच खेला। हालांकि अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिलने के कारण सेमीफाइनल मैच नहीं खेल सके। हालांकि, कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अपना दम दिखाया और भारत ने यह मैच 3-2 गोल से जीत लिया।

# राज्यसभा चुनावः ममता महंता ने नामांकन पत्र दाखिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजेपी की राज्यसभा उम्मीदवार ममता महंता ने बुधवार को विधिवत अपना नामांकन दाखिल किया। ममता ने मुख्यमंत्री मोहन माझी, बीजेपी सभापति मनमोहन सामल और प्रभारी की मौजूदगी में विधानसभा में अपना नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने ममता के नामांकन के पहले प्रस्तावक रहे हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ दल भाजपा के पास आवश्यक संख्या में सदस्य हैं, इसलिए ममता महंत का राज्यसभा जाना निश्चित है। हालांकि, आवश्यकता पड़ने पर राज्यसभा उपचुनाव 3 सितंबर को होगा। वोट की गिनती शाम 5 बजे होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किये जायेंगे।

गौरतलब है कि ममता ने हाल ही में राज्यसभा सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था और बीजू जनता पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गयी थीं। बीजेपी ने मंगलवार को ममता महंत को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया। ममता महानत कुडुमी समुदाय की एक प्रमुख नेत्री हैं। मयूरभंज और पड़ोसी क्योंझर जिले में इस समुदाय के कई लोग हैं। ममता महंत को 2020 में बीजद ने राज्यसभा भेजा था। 31 जुलाई को उन्होंने राज्यसभा और बीजद से इस्तीफा दे दिया। ममता ने बीजद से इस्तीफा देते हुए अपना असंतोष जाहिर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में उन्हें नजरअंदाज किया गया। अगले ही दिन वह बीजेपी में शामिल हो गयी और अब जब उन्होंने नामांकन दाखिल किया है, तो उनका दोबारा राज्यसभा जाना तय है।

## रेल मंत्री ने राष्ट्रपति को ओड़िशा में छह नयी रेलवे लाइन परियोजनाओं की मंजूरी के बारे में जानकारी दी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओडिशा के रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राज्य में हाल ही में छह नयी रेल लाइन परियोजनाओं की मंजूरी के बारे में जानकारी दी। रेल मंत्री ने राष्ट्रपति को सूचित किया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 10 अगस्त 2024 को आठ प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी थी, जिनमें से छह ओडिशा के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस मंजूरी के बाद रेल मंत्रालय ने तुरंत 19 अगस्त को इन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी।

## 9 लाख लाभार्थियों को राशन कार्ड मिलेंगे

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बुधवार को सदन में डाबू गांव के विधायक मनोहर रंधारि ने खाद्य सुरक्षा योजना को लेकर मंत्री से सवाल किया। उन्होंने राज्य में आपूर्ति विभाग द्वारा कितने लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल व अन्य सामान उपलब्ध कराया जा रहा है तथा कितने नये लाभार्थियों को राशन कार्ड देने के लिए चिह्नित किया गया है, इसका ब्योरा मांगा। इसकी सूचना बाद में खाद्य आपूर्ति और खाउटी कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने लिखित जवाब दिया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 3,25,93,875 लोगों और राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 10,02,144 लाभार्थियों को चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में कुल 9 लाख 91 हजार 929 आवेदकों ने राशन कार्ड पाने के लिए आवेदन किया है। सत्यापन के बाद लाभार्थियों को राशन कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा।

## सितंबर के अंत तक हर घर में बिजली : मंत्री



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने सितंबर के अंत तक बिना बिजली वाले घरों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। स्पष्ट रूप से, सभी घरों को बिजली प्रदान करने के लिए सभी डिस्कॉम को 415 करोड़ रुपये प्रदान किये गये हैं। ऊर्जा मंत्री कनक वर्धन सिंहदेव ने इसकी जानकारी दी। विधानसभा में विधायक पवित्र साऊंटा के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने यह जानकारी दी।

## सोआ में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान मानद विश्वविद्यालय (सोआ) में 14 से 18 अगस्त तक 'रैगिंग विरोधी सप्ताह' मनाया गया, ताकि संकाय, कर्मचारियों और छात्रों में रैगिंग के खिलाफ जागरूकता पैदा की जा सके। यूजीसी नियमों के अनुसार, इन 5 दिनों के दौरान सोआ के विभिन्न परिसरों में व्याख्यान, रंगोली, निबंध, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जागरूकता कार्यक्रमों में 400 से अधिक स्टाफ सदस्यों और 4000 छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आईबीसीएस) के डीन प्रोफेसर अनूप कुमार सामंतराय और छात्र मंगल के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास ने बक्तब्य रखे। संकाय समन्वयक डॉ. अंशुमान जेना ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## वेदांता एल्युमीनियम को ऊर्जा दक्षता में नवाचार के लिए सीआइआइ ने दी मान्यता



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता सर्किल प्रतियोगिता 2024 में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ओडिशा के लांजीगढ़ में स्थित अपनी एल्युमीना रिफाइनरी में अपनायी गयी ऊर्जा दक्षता प्रथाओं के लिए दिया गया है। ये पुरस्कार जिम्मेदार व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित करने पर वेदांता एल्युमीनियम के गहन ध्यान को मान्यता देते हैं। वेदांता एल्युमीनियम की विश्वस्तरीय रिफाइनरी को उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमिना का उत्पादन करने का काम सौंपा गया है, जिसे झारसुगुड़ा, ओडिशा और कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित इसके स्मेल्टरों में आगे एल्युमीनियम में संसाधित किया जाता है। वर्तमान में प्लांट में 29 से अधिक ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जो 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की वेदांता की प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए तैयार हैं।

## खुर्दा रोड-बलांगीर नयी लाइन परियोजना पर 2 किलोमीटर की सुरंग में सफलता हासिल की



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने पुरूणाकटक और चारीछक के बीच 1,975 मीटर लंबी सुरंग (सुरंग संख्या 07) को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार और सुधार के लिए चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। 1,975 मीटर लंबी सुरंग को तोड़ने में सफलता पूर्व तट रेलवे कंस्ट्रक्शन विंग की कुशल इंजीनियरिंग टीम को मिली, जिन्होंने बौध जिले में अंतिम विस्फोट किया।

## वेदांता एल्युमीनियम ने मलेरिया, डेंगू और डायरिया पर जागरूकता अभियान चलाया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा जिले में मलेरिया, डेंगू और डायरिया (एमडीडी) से निपटने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का समापन किया है। यह अभियान झारसुगुड़ा के 28 गांवों और 2 विशेष स्कूलों में बच्चों, वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों सहित 3500 व्यक्तियों तक पहुंचा। इस पहल का नेतृत्व वेदांत एल्युमीनियम ने जिला स्वास्थ्य प्रशासन के साथ साझेदारी में किया था और दुर्गम के क्षेत्रों में समुदायों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए कंपनी की गहरी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया था।

# जन आक्रोश रैली में तिसरी से भारी संख्या में कार्यकर्ता रांची पहुचें : लक्ष्मण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**तिसरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आगामी 23 अगस्त को मोरहाबादी मैदान रांची में होने वाली जन आक्रोश रैली को सफल बनाने की तैयारी हेतु मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय तिसरी स्थित मोदी धर्मशाला में चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव के अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिधान सभा प्रभारी प्रकाश सेठ, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह मौजूद थे।

विधान सभा प्रभारी प्रकाश सेठ ने कहा कि प्रत्येक बूथ से पांच-पांच लोगों को रैली में जाना जरूरी है। हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव में युवाओं से पांच लाख नौकरी या नौकरी न मिलने पर 5000 महीना बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। बुधवार को 05 साल बीतने के बावजूद युवाओं को एक भी नौकरी नहीं मिली और न ही किसी को भत्ता मिला। युवा अपने आप को ठगा हुआ उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पूर्व आईजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा हेमंत सोरेन ने युवाओं को ठगने का काम किया है। पूरे झारखंड के युवा आक्रोशित हैं और हेमंत सोरेन से 5 लाख नौकरी 5000 बेरोजगारी भत्ता की मांग करने को लेकर 23 अगस्त को उनके आवास का घेराव करने धनवार विधान सभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में युवा नौजवान रांची पहुंचें। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण मोदी, रविंद्र पंडित, विनय पंडित, सुनील शर्मा, गोपी रविदास, मोहन, माला, कपिल यादव समेत दर्जनों लोग सामिल थे।

## एमसीएल को व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए डीएंडबी पुरस्कार मिला



संबलपुर (आजाद सिपाही)। प्रमुख कोयला उत्पादक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को प्रतिष्ठित डन एंड ब्रैड स्ट्रीट पीएसयू उत्कृष्टता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। भारतीय केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक उपक्रमों के बीच अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एमसीएल को सर्वश्रेष्ठ मिनी रत्न श्रेणी-1 कंपनी और कोयले के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ (केंद्रीय पीएसयू) के रूप में मान्यता दी गयी। नयी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में एमसीएल की ओर से महाप्रबंधक (खनन) डॉ. शंभू झा, ने भारत सरकार, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय से उक्त पुरस्कार ग्रहण किया। एमसीएल का यह लगातार दूसरा वर्ष है, जिसे अपने व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए डन एंड ब्रैडस्ट्रीट से प्रशंसा मिली और पुरस्कार से नवाजा गया है।

# किस छात्रों के साथ रिकी केज के संगीतमय राष्ट्रगान ने पूरे महाद्वीप में बनाया रिकार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर ।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित संगीतकार और तीन बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज द्वारा कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) के छात्रों के साथ बनाये गये राष्ट्रगान के मनमोहक संगीत ने न केवल गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में प्रवेश किया है, बल्कि विश्व स्तर पर लाखों लोगों का दिल भी जीत लिया है।

इस संगीत रचना में प्रसिद्ध बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया, प्रतिष्ठित सरोद वादक अमन और अयान अली खान और प्रशंसित संतूर वादक राहुल शर्मा जैसे प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार शामिल थे। यह संगीत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को शाम 5 बजे औपचारिक रूप से जारी किया गया था।

इस कार्यक्रम को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, रेडियो और सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर व्यापक प्रचार मिला। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि यह राष्ट्रीय संगीत कृति महाद्वीपों में करोड़ों लोगों तक पहुंची।

विशेष रूप से, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय नेटवर्कों में टाइम्स एंटरटेनमेंट (6 करोड़), न्यूज-18 (10 करोड़), एएनआई (3 करोड़), डेली हंट (24 करोड़), इंडिया टुडे (6 करोड़), न्यूज-9 लाइव (2 करोड़), बिजनेस टुडे (4 करोड़), द टेलीग्राफ (5 करोड़), आईबीसी-24 (3 करोड़), ईटीवी भारत (12 करोड़), रिपब्लिक टीवी (2 करोड़), डीडी (2 करोड़) दर्शक देखें। किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने इस कार्यक्रम को बड़ी सफलता बनाने के लिए छह महीने से अधिक समय देने के लिए रिकी केज की सराहना की, जो किसी कठिन काम से कम नहीं था।

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाएं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खेमिया देवी
पंचायत समिति सदस्य चानो विष्णुगढ़
निवेदक परमेश्वर महतो

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Retails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**